राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 पाकिस्तानी पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने मनाई दीवाली

कमला हैरिस ने हिंदुओं को किया नजरअंदाज, मैं करूंगा उनकी रक्षा...... 10

वर्ष : 15 | अंक : 199 | नई दिल्ली, शनिवार, 02 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कांग्रेस चुनावी वादों को लेकर लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो गई है : प्रधानमंत्री

- कांग्रेस को बात समझ में आ रही है झूठे वादे करना आसानलेकिन उन्हें लागू करना नामुमकिन है।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस को अब यह एहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल या असंभव है। यह हमला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की पार्टी के राज्य प्रमुखों को केवल वही वादे करने की सलाह के बाद आया है जो वित्तीय रूप से संभव हों। खरगे ने कथित तौर पर यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस शासित राज्यों को चुनाव पूर्व की कुछ घोषणाओं को पूरा करने में वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अपने एक्स हैंडल पर हैका उपयोग करते हुए कई पोस्टों में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि भारत के लोग विकास और प्रगति चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी को यह बात समझ में आ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से



लागू करना मुश्किल या नामुमकिन है। वे लगातार प्रचार अभियान चलाकर लोगों से वादे करते रहते हैं, लेकिन उन्हें पता है कि वे कभी उन्हें पूरा नहीं कर पाएंगे। अब, वे लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता को कांग्रेस द्वारा प्रायोजित झूठे वादों की संस्कृति से सावधान रहना होगा। हमने हाल ही में देखा कि कैसे हरियाणा के लोगों ने उनके झूठ को नकार दिया और एक ऐसी सरकार को प्राथमिकता दी जो स्थिर, प्रगितोन्मुख और कार्योन्मुख है। पूरे भारत में यह अहसास बढ़ रहा है कि कांग्रेस को वोट देना अशासन, खराब अर्थव्यवस्था और बेशुमार लूट के लिए वोट देना है। भारत के लोग विकास और प्रगति चाहते हैं, न कि कांग्रेस के वही पुराने झूठे वादे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी विकास के काम करने की बजाय पार्टी की अंदरूनी राजनीति और लूट में व्यस्त है। इतना ही नहीं, वे मौजूदा योजनाओं को भी वापस लेने जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। तेलंगाना में किसान अपने वादे के मुताबिक कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उन्होंने कुछ भत्ते देने का वादा किया था, जो पांच साल तक लागू नहीं हुए। कांग्रेस किस तरह काम करती है, इसके कई उदाहरण हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र चुनावः 288 विधानसभा सीट पर 7,994 उम्मीदवार के नामांकन वैध पाए गए

मुंबई। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा क्षेत्र के लिए दाखिल 7,994 उम्मीदवार के नामांकन पत्र जांच के बाद वैध पाए गए। निर्वाचन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि 921 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र अवैध पाए गए। उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 22 अक्टूबर को शुरू हुई और 29 अक्टूबर को समाप्त हुई। नामांकन पत्रों की 30 अक्टूबर को जांच की गई, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि चार नवंबर है। महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# ईएसी-पीएम के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का निधन राष्ट्रपति व पीएम ने जताया दुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। जाने-माने अर्थशास्त्री एवं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का शुक्रवार को 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज के पूर्व छात्र डॉ देबरॉय 05 जून-2019 तक सरकारी थिंक-टैंक नीति आयोग के सदस्य भी थे। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं और कई राष्ट्रीय दैनिकों के लिए स्तंभकार रहे हैं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक जताया है। मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय के निधन से देश ने एक प्रख्यात बुद्धिजीवी खो दिया है, जिन्होंने नीति निर्माण से लेकर हमारे महान ग्रंथों के अनुवाद तक विविध क्षेत्रों को समृद्ध किया। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य के बारे में उनकी समझ असाधारण थी। उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। मैं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. देबरॉय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह एक महान विद्वान थे, जिनकी अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में काफी पकड़ रही। श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं डॉ. देबरॉय को कई वर्षों से जानता हूं। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में अपने योगदान से परे, उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में आनंद आता था। उन्होंने आगे लिखा, मैं उनकी अंतर्दृष्टि और अकादमिक चर्चा के प्रति उनके जुनून को हमेशा याद रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

# शाह ने अहमदाबाद में वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का किया लोकार्पण

**अहमदाबाद, एजेंसी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का लोकार्पण किया। श्री शाह ने अहमदाबाद को स्वच्छ बनाने की दिशा में शुक्रवार को दिवाली-नूतन वर्ष पर्वों के बीच एक और भेंट देते हुये राज्य के सबसे बड़े वेस्ट टु एनर्जी प्लांट का लोकार्पण किया। अहमदाबाद के पिपलज में जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) आधार पर तैयार किये गये इस वेस्ट टु एनर्जी प्लांट के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल तथा सहकारिता एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने तकती अनावरण के बाद प्लांट का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने रिबिन काटकर तथा बटन दबाकर प्लांट को कार्यान्वित किया। इसके बाद उन्होंने प्लांट के विभिन्न विभागों एवं कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री सहित महानुभाव भी उनके साथ रहे। अहमदाबाद महानगर पालिका (मनपा) शहर से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों टन कूड़े को पिराणा में



डम्प करती है। इस कूड़े की निकासी के लिये अब एक कदम आगे बढ़कर मनपा द्वारा पीपीपी आधार पर शुरू किया गया यह प्लांट शहर को स्वच्छ बनाने के साथ बिजली का भी उत्पादन करते हुये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देगा। पिपलज में पीपीपी के तहत जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट लमिटेड के साथ शुरू किया गया यह प्लांट दैनिक 1000 टन कूड़े की निकासी कर 15 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करेगा। प्लांट में शहर के घन कूड़े को आरडीएफ बेस मार्टिन रिवर्स ग्रेट फायरिंग टेक्नोलॉजी की मदद से बॉइलर में इन्सीनरेट कर 65 टीपीएच भाप जनेरट किया जायेगा। इस स्टीम से टर्बाइन के जरिये हर घण्टे 15 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जायेगा, जिसे पावरग्रिड में आपूर्ति किया जायेगा। यह प्लांट लगभग 3.75 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर प्रतिभाबेन जैन, राज्यसभा सांसद नरहरिभाई अमीन, लोकसभा सांसद दिनेशभाई मकवाणा, अहमदाबाद के विधायक, उप महापौर जतिनभाई पटेल, मनपा स्थायी समिति के अध्यक्ष देवांगभाई दाणी, मनपा आयुक्त एम. थेन्नारसन, मनपा पदाधिकारी, जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के पदाधिकारी-अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति व पीएम ने विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस पर नागरिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों को शुक्रवार को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप 1956 में इसी दिन अस्तित्व में आये थे। आज ही के दिन पंजाब और हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था, वहीं छत्तीसगढ़ का गठन 2000 में मध्य प्रदेश से अलग करके किया गया था। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप के निवासियों को स्थापना दिवस पर मैं हार्दिक बधाई देती हूं। उन्होंने लिखा, मेरी मंगलकामना है कि इन सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के लोग देश की विकास यात्रा में योगदान देते रहें और उनका जीवन शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रहे। मैं उनके, तथा सभी देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए विख्यात हमारे हरियाणा ने देश के विकास में हमेशा अहम योगदान दिया है। राज्य के स्थापना दिवस पर यहां की प्रगति में भागीदार अपने सभी भाई-बहनों को हार्दिक बधाई देने के साथ ही मैं उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर कहा, मध्य प्रदेश के सभी निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध यह प्रदेश हर क्षेत्र में विकास के नित-नए मानदंड गढ़ता रहे, यही कामना है। उन्होंने कर्नाटक राज्य के गठन दिवस के अवसर पर कहा, कन्नड़ राज्योत्सव कर्नाटक की अनुकरणीय संस्कृति और परंपराओं को पहचानने वाला एक बहुत ही विशेष अवसर है। इस राज्य को उत्कृष्ट लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है, जो सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार को शक्ति प्रदान कर रहे हैं। कर्नाटक के लोगों को हमेशा खुशियाँ और सफलता मिले। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार संदेशों में आशा व्यक्त की कि ये राज्य आने वाले वर्षों में प्रगति और विकास की यात्रा निर्बाध रूप से जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश के हमारे भाइयों और बहनों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। अपनी जीवंत संस्कृति और समृद्ध साहित्यिक परंपराओं के साथ, आंध्र प्रदेश ने राष्ट्र निर्माण में अपने अपार योगदान से भारत को गौरवान्वित किया है। कामना है कि राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छुए।

# राजेश कुमार सिंह ने रक्षा सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। वरिष्ठ नौकरशाह राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को रक्षा सचिव का पदभार संभाल लिया। केरल काडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी ने साउथ ब्लॉक में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने से पहले सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 20 अगस्त को विशेष कार्य अधिकारी (रक्षा सचिव मनोनीत) के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा, मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुर सैनिकों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उनकी असाधारण बहादुरी और बलिदान भारत को एक सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए हमारे लिए शक्ति और प्रेरणा का स्रोत हैं। सिंह 24 अप्रैल 2023 से 20 अगस्त 2024 तक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत रहे। इससे पहले वह मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग में सचिव थे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सिंह ने केंद्र सरकार में कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें शहरी विकास मंत्रालय में निर्माण और शहरी परिवहन के निदेशक, दिल्ली विकास प्राधिकरण में आयुक्त (भूमि), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव और भारतीय खाद्य निगम में मुख्य सतर्कता अधिकारी पद शामिल हैं। उन्होंने केरल सरकार में शहरी विकास सचिव और वित्त सचिव का पद भी संभाला। सिंह ने आंध्र प्रदेश काडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी गिरिधर अरमाने का स्थान लिया है जो बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हुए थे।

# नमो ड्रोन दीदी' के लिए दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 'नमो ड्रोन दीदी' परियोजना के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि नमो ड्रोन दीदी परियोजना का लाभ लेने के लिए इन दिशा निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'नमो ड्रोन दीदी' को मंजूरी दी है। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-2026 की अवधि के दौरान 14500 चयनित महिला समूहों को कृषि उद्देश्य के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने को ड्रोन उपलब्ध कराना है। मंत्रालय के अनुसार यह योजना केंद्रीय स्तर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, उर्वरक मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिवों की अधिकार प्राप्त समिति के प्रबंधन में होगी। इसके अलावा ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव की अध्यक्षता में कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति होगी जिसमें अन्य सभी पक्षों का प्रतिनिधित्व होगा। यह समिति योजना का प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन एवं निगरानी करेगी तथा यह योजना के कार्यान्वयन से संबंधित सभी तकनीकी मामलों में समग्र सलाह एवं मार्गदर्शन देगी। योजना के तहत, ड्रोन और सहायक उपकरणों के लिए 80 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी जो अधिकतम आठ लाख रुपये होगी।

### ओडिशा: भुवनेश्वर में आग लगने से कपड़ों की 25 दुकानें जलकर खाक

भुवनेश्वर/ एजेंसी । ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित एक बाजार में शुक्रवार को दिवाली के जश्न के दौरान आग लग जाने से कपड़ों की करीब 25 दुकानें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन आग लग जाने से दुकान में रखे कपड़ों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, दीवाली की देर रात यूनिट-1 मार्केट इमारत क्षेत्र के भूमिगत बाजार में लगी आग के कारण कपड़ों की करीब 25 दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी ने बताया कि पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया और आग को पूरी तरह नियंत्रित करने में पांच घंटे का समय लगा। उनके अनुसार, प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि आग साड़ी की एक दुकान में लगी और इसके बाद आस-पास की दुकानों तक फैल गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने मे खासी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि भूमिगत बाजार के दोनों हिस्से बंद थे।

# पटाखों पर प्रतिबंध की धज्जियां उड़ीं, दिवाली के बाद दिल्ली में धुंध छाई, हवा में घुला बारूद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को धुंध की मोटी परत छाई रही और राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में 362 दर्ज किया गया। दिवाली के दौरान लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर लगे प्रतिबंध का जमकर उल्लंघन किया। दिल्ली में पिछले तीन वर्षों में सबसे प्रदूषित दिवाली भी इस साल दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिवाली पर दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया, जबकि 2023 में यह 218 और 2022 में 312 था। राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई शुक्रवार को सुबह नौ बजे 362 यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली के अधिकतर निगरानी केंद्रों ने प्रदूषण का एक जैसा स्तर दिखाया, और 39 में से 37 केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को बहुत खराब श्रेणी में बताया। राष्ट्रीय एक्यूआई के बारे में हर घंटे अद्यतन जानकारी देने वाले सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, अलीपुर में एक्यूआई 355, आनंद विहार में 396, अशोक विहार में 389, आया नगर में 351, बवाना में 396, बुराड़ी में 394 और मथुरा रोड में 371 दर्ज किया गया। आईजीआई हवाई अड्डे पर एक्यूआई 371, द्वारका में 376, जहांगीरपुरी में 390, मुंडका में 375, पटपड़गंज में 365, रोहिणी में 390, सोनिया विहार में 396 और वजीरपुर में 390 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच राब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब, 401 से 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर एक्यूआई को बेहद गंभीर माना जाता है। पीएम 2.5 सूक्ष्म कणों की हवा में सांद्रता भी सुरक्षित सीमा से अधिक हो गई। पीएम 2.5 सूक्ष्म कण आसानी से श्वसन प्रणाली में प्रवेश कर जाते हैं और विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। शुक्रवार की सुबह छह बजे दिल्ली में पीएम 2.5 की सांद्रता 207.8 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। पीएम 2.5 की मौजूदगी की सुरक्षित सीमा 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। दिवाली के दौरान और उसके बाद प्रदूषण में वृद्धि से निपटने के प्रयास के तहत दिल्ली सरकार ने लगातार पांचवे वर्ष पटाखों पर व्यापक प्रतिबंध लागू किया था। प्रतिबंध के तहत पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। दिल्ली सरकार ने प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 377 प्रवर्तन दल भी स्थापित किए थे और स्थानीय संघों के माध्यम से जागरूकता फैलाई थी। आस पास के इलाकों से आवाजाही पर नजर रखने के लिए पुलिस दल तैनात किए गए थे, अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन प्रयासों के बावजूद, समूची दिल्ली के इलाकों में प्रतिबंध का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ। रिपोर्ट से पता चला है कि पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ, जौनपुर, पंजाबी बाग, बुराड़ी और ईस्ट ऑफ कैलाश जैसे इलाकों में पटाखों की धूम रही। पिछले साल पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में कमी तथा वर्षा सहित अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिवाली के बाद गैस चैंबर में तब्दील होने से बच गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय के अनुसार, हवा की गति लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

**सेबी** | गलवान घाटी में खूनी संघर्ष के बाद साढ़े चार साल से बंद थी दोनों देशों की पेट्रोलिंग ..................

# डेप्सांग और डेमचोक में शुरू हुई भारत और चीनी सैनिकों की गश्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्वी लद्दाख के डेप्सांग और डेमचोक में भारत और चीनी सैनिकों की गश्त शुरू हो गई है। गलवान घाटी में खूनी संघर्ष के बाद साढ़े चार साल से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के इन दोनों क्षेत्रों में गश्त बंद थी, जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। सैन्य विघटन पूरा होने के एक दिन बाद दिवाली के मौके पर दोनों देशों के सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। भारत-चीन के बीच तमाम सैन्य और कूटनीतिक प्रयासों के बाद 21 अक्टूबर को दोनों सेनाओं के बीच गश्ती समझौते पर सहमति बनने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य सीमा पर साढ़े चार साल से चल रहे तनाव को खत्म करना था। डिसएंगेजमेंट डील में डेप्सांग और डेमचोक से सैनिकों और बुनियादी ढांचे को हटाने और अप्रैल, 2020 से पहले की स्थिति में सैनिकों को वापस बुलाने की बात कही गई थी। इसी समझौते के आधार पर 25 अक्टूबर को भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की और फिर उनसे 'जय श्री राम' का उद्घोष



कराया। इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों की वापसी शुरू कर दी। भारतीय और चीनी सेना ने 28-29 अक्टूबर तक डिसएंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू करने का फैसला लिया था। इसी तय अवधि में विघटन प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके तहत सभी अस्थाई ढांचे, टेंट और आश्रय स्थलों को हटा लिया गया। इसके बाद दिवाली के अवसर पर लद्दाख में चुशुल माल्डो और दौलत बेग ओल्डी सहित एलएसी के पांच बार्डर मीटिंग प्वाइंट (बीएमपी) पर सैनिकों ने गुरुवार को मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। समझौते के अनुसार दोनों पक्षों के ग्राउंड लेवल कमांडरों ने गश्त शुरू करने से पहले एक-दूसरे को अपने-अपने पेट्रोलिंग प्वाइंट की जानकारी दी, ताकि किसी भी तरह की गलतफहमी से बचा जा सके। दोनों पक्षों के पास डेप्सांग और डेमचोक में निगरानी के विकल्प जारी रहेंगे। भारतीय सेना ने 1 नवंबर से पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में गश्त शुरू कर दी है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि पहले डेमचोक क्षेत्र में अप्रैल, 2020 से पहले के स्तर पर गश्त बहाल की जाएगी। इसके बाद डेप्सांग सेक्टर में भी जल्द ही ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद है, जिससे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में भी सामान्य स्थिति की वापसी होगी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 02 नवंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरकाशी बड़कोट में पुजारी का मकान जलकर राख...देहरादून में कार में लगी आग

**देहरादून, एजेंसी।** बड़कोट में एक पुजारी का दो मंजिला लकड़ी का मकान जलकर राख हो गया। वहीं दूसरी तरफ देहरादून में एक कार में आग लग गई। बड़कोट के चपटाडी गांव में मां भगवती रेणुका के पुजारी का दो मंजिला लकड़ी का मकान जलकर राख हो गया। यहां रखा सारा सामान भी जल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामसभा चपटाडी में रेणुका मां के पुजारी रावल शांति प्रसाद सेमवाल के दो मंजिला भवन में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया परन्तु आग बेकाबू होने से लकड़ी का भवन और सारा सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों का आग बुझाने का कार्य देर शाम तक चलता रहा। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन व सरकार से मुआवजे की मांग की है। देहरादून में कार में आग लगने की खबर है। जानकारी के अनुसार फायर स्टेशन देहरादून को कोतवाली पलटनबाजार में कार में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर फायर यूनिट प्वाइंट कोतवाली व घंटाघर टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### पूर्णानंद घाट पर गंगा आरती के दौरान मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, लौह पुरुष को किया गया याद

**देहरादून, एजेंसी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। गंगा आरती में आए सभी देश-विदेश के श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूर्णानंद घाट जानकी झूला पुल पर महिलाओं द्वारा आयोजित संध्याकालीन विश्व प्रसिद्ध महिला गंगा आरती के दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी द्वारा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। गंगा आरती में शामिल हुए देश-विदेश की श्रद्धालुओं ने सत्यनिष्ठा एवम एकता से काम करने की शपथ ली। हरिओम शर्मा ज्ञानी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एक ऐसा खजाना है जिसे हमें संजोकर रखना चाहिए। यह हमारे देश की ताकत और गौरव है। आज भी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना आवश्यक है ताकि हम मिलकर चुनौतियों का सामना कर सकें और देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचा सकें। आशा डंग ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एक ऐसा स्तंभ है जो भारत को मजबूत बनाए रखता है। भारत की संस्कृति और इतिहास से प्रेरणा लेते हुए, हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस एकता का सम्मान करें और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।

### दून में बनेगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का नया क्षेत्रीय कार्यालय, पुरानी इमारत ध्वस्त कर नई बनेगी

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का देहरादून, रुड़की, हल्द्वानी और काशीपुर में चार क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय हैं। इसमें देहरादून के क्षेत्रीय कार्यालय का भवन पुराना और जर्जर हो गया है। ऐसे में पीसीबी ने नया भवन तैयार करने का फैसला किया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) का नया क्षेत्रीय कार्यालय भवन देहरादून में तैयार होगा। इसका प्रस्ताव पीसीबी की बोर्ड बैठक में पास हो गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नया भवन ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। पीसीबी के राज्य में देहरादून, रुड़की, हल्द्वानी और काशीपुर में चार क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय हैं। इसमें देहरादून के क्षेत्रीय कार्यालय का भवन पुराना और जर्जर हो गया है। ऐसे में पीसीबी ने नया भवन तैयार करने का फैसला किया है। पीसीबी के सदस्य सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मौजूदा भवन करीब ढाई दशक पुराना है। इसके साथ पर नए भवन का प्रस्ताव तैयार कर शासन में भेजा गया है। नए संसाधन आएंगे। क्षेत्रीय कार्यालय में जांच के लिए लैब भी होगी। नए अधिकारी तैनात करने की भी योजना है जिससे बेहतर और त्वरित ढंग से कार्य हो सकें।

# रानीपोखरी में फलदार पेड़ों को काटने का सिलसिला जारी, बेरहमी से हरे आम के पेड़ों पर चलाई गई आरी



**ऋषिकेश, एजेंसी।** बीती रात त्योहार की आड़ में पेड़ तस्करों ने आम के 50 से 60 साल पुराने पेड़ों पर आरिया चला दी। उल्लेखनीय है कि 20 अक्तूबर की रात रानीपोखरी के शांति नगर में 40 से अधिक तस्करों ने आम के बगीचे में एक ही रात में 96 पेड़ काट डाले थे।

रानीपोखरी में फलदार पेड़ों को काटने का सिलसिला जारी है। नौ दिन के भीतर तस्करों ने आम के आठ हरे पेड़ों को बेरहमी से काट दिया। यह पेड़ रानीपोखरी के सबसे व्यस्ततम चौक के पास काटे गए हैं।

रानीपोखरी चौक के पास लगभग 50 साल पुराना आम का बगीचा है। जिससे कुछ दिन पहले छूट प्रजाति में शामिल किए गए आंवले के पेड़ काटे गए थे। अब बीती रात त्योहार की आड़ में पेड़ तस्करों ने आम के 50 से 60 साल पुराने पेड़ों पर आरिया चला दी।

उल्लेखनीय है कि 20 अक्तूबर की रात रानीपोखरी के शांति नगर में 40 से अधिक तस्करों ने आम के बगीचे में एक ही रात में 96 पेड़ काट डाले थे। अब रानीपोखरी चौक पर आम के पेट काटे गए हैं। रेंजर एनएल डोभाल ने कहा कि रानीपोखरी चौक के पास आम के आठ पेड़ काटे गए हैं। यह मामला उद्यान विभाग से जुड़ा है। जिस पर उद्यान विभाग को ही कार्रवाई करनी चाहिए।

20 अक्तूबर की रात तस्करों ने रानीपोखरी के शांतिनगर में आम के बगीचे से 96 पेड़ काट डाले थे। मीडिया में खबर प्रकाशित होने पर हरकत में आए उद्यान विभाग ने भू स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं डीएम ने भी वन विभाग, उद्यान विभाग व प्रशासन की संयुक्त जांच टीम बनाकर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा था। मुख्य उद्यान अधिकारी एमपी सिंह ने कहा कि जांच पूर्ण कर ली गई है। रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी गई है।

डोईवाला में देहरादून रोड पर एक लीची के बगीचे को काटने की तैयारी की जा रही है। योजना यह है कि पहले चार पेड़ों की अनुमति ली जाएगी। फिर उन पेड़ों की आड़ में धीरे-धीरे सभी पेड़ काटे जाएंगे। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी गणेश उनियाल ने कहा कि डोईवाला में बगीचे को लेकर उनकी टीम अलर्ट है। पेड़ काटे जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। डोईवाला ब्लॉक के सबसे हरे भरे और सर्वाधिक बाग बगीचों के लिए जाने जाना वाला रानीपोखरी और उसके आस-पास के क्षेत्र भू माफिया के बढ़ते प्रभाव का शिकार बन रहे हैं। सोने के भाव की जमीन पर रसीले आम और लीची के हरे भरे पेड़ खड़े है। हरे पेड़ों पर लगातार चल रही आरियों ने क्षेत्र की हरियाली को छिन्न भिन्न कर दिया है। यहां के आम और लीची पूरे जनपद में अपने स्वाद से लोगों को लुभाते थे। यही हाल रहा तो लोग यहां की आम और लीची का स्वाद भूल जाएंगे।

# युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका, सिर पर चोटों के निशान मिले

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** किच्छा में बजाज कंपनी के कर्मचारी की हत्या कर शव रामेश्वरपुर में शहीद स्मारक से रुद्रपुर जाने वाली सड़क पर फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किच्छा में बजाज कंपनी के कर्मचारी की हत्या कर शव रामेश्वरपुर में शहीद स्मारक से रुद्रपुर जाने वाली सड़क पर फेंक दिया गया। उसके सिर पर चोटों के निशान पाए गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने एक महिला को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी नीरज पंत (35) सिडकुल पंतनगर स्थित बजाज कंपनी में काम करता था। वह रोजाना की तरह बीते 28 अक्तूबर की शाम हल्दुचौड में बाइक खड़ी कर कंपनी की बस से कंपनी आया था। लेकिन कंपनी में उसने पंच नहीं किया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा था। परिजनों ने उसकी खोजबीन की थी, मगर पता नहीं चल पाया था। इधर बृहस्पतिवार को उसका शव रामेश्वरपुर गंगापुर रोड पर मिला था। उसके सिर पर चोटों के निशान मिले। जब पुलिस ने बजाज कंपनी से लेकर रुद्रपुर शहर तक कैमरे खंगाले तो पता चला कि नीरज नैनीताल रोड स्थित बार में गया था। इसके बाद वह रात को एक बजे डीडी चौक पर दिखाई दिया था। पौना घंटे बाद वह ई-रिक्शा पर बैठकर किच्छा बाईपास रोड पर जाता दिख रहा है। श्याम टाकीज तिराहे पर एक महिला भी वाहन में बैठती है। सुनसान जगह होने पर ये सड़क रात में कम इस्तेमाल होती है। उधर सूचना पर एसपी क्राइम मनोज कत्याल, सीओ बहादुर सिंह चौहान, कोतवाल धीरेंद्र कुमार समेत पुलिस दल मौके पर पहुंच गए थे। एसपी क्राइम कत्याल ने बताया कि युवक की हत्या की गई है। मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया जा रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# पर्वतीय क्षेत्र में नहीं प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा, लगा रहे मुंबई-दिल्ली की दौड़; मरीज परेशान



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** कुमाऊं के चार पर्वतीय जिलों में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा नहीं है। प्लास्टिक सर्जरी जेब पर भारी पड़ रहा है। मरीजों को सुपर स्पेशलिस्ट की कमी के कारण दिल्ली, मुंबई या चंडीगढ़ की दौड़ लगानी पड़ रही है।

कुमाऊं के चार पर्वतीय जिलों में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा नहीं है। प्लास्टिक सर्जरी जेब पर भारी पड़ रहा है। मरीजों को सुपर स्पेशलिस्ट की कमी के कारण दिल्ली, मुंबई या चंडीगढ़ की दौड़ लगानी पड़ रही है। आने-जाने में ही मरीजों की किराये में भारी भरकम धनराशि खर्च हो जाती है। नगर में मेडिकल कॉलेज होने से लोगों को प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा मिलने की उम्मीद थी लेकिन मेडिकल कॉलेज में भी ये सुविधा शुरू नहीं हो सकी।

इसके अलावा बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत जिलों में भी किसी भी अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा नहीं है। प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत शरीर के जलने, दुर्घटना होने, जन्मजात तालू कटे होंठ से मुक्ति दिलाने के लिए पड़ती है।

पहाड़ के चार जिलों में करीब हर साल चार हजार से अधिक मरीज जलने, चेहरे और सिर, जन्मजात विकृति आदि की सर्जरी कराने के लिए महानगरों के चक्कर काटते हैं। पहाड़ के अस्पतालों में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा न होने से मरीजों को काफी दिक्कतें हो रही है।

# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में दीपोत्सव के साथ शुरू हुई कपाटबंदी प्रक्रिया, दीपों से सजेंगे गंगा घाट





**उत्तरकाशी/बड़कोट, एजेंसी।** दो नवंबर को अन्नकूट के पर्व पर गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होंगे। कपाटबंदी की प्रक्रिया एक नवंबर को दीपोत्सव से शुरू होगी।

दीपावली का त्योहार शुरू होते ही गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में कपाटबंदी की तैयारी शुरू हो गई है। दोनों धामों में कपाटबंदी की प्रक्रिया दीपोत्सव के साथ शुरू होगी। इस दौरान गंगोत्री स्थित मां गंगा के मंदिर को करीब 8 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। वहीं, यमुनोत्री धाम में भी बुधवार से ही दीपोत्सव शुरू कर दिया गया है।

चारधामों के शीतकाल के लिए कपाटबंदी का क्रम गंगोत्री व यमुनोत्री धाम से शुरू होता है। आगामी दो नवंबर को अन्नकूट के पर्व पर गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होंगे। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि कपाटबंदी की प्रक्रिया एक नवंबर को दीपोत्सव से शुरू होगी। धाम में पटाखे तो नहीं फोड़े जाएंगे। लेकिन गंगा मंदिर के साथ गंगा घाट को दीपों से सजाया जाएगा।

बताया कि गंगा मंदिर को भी करीब 7 से 8 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। बताया कि कपाट बंदी की प्रक्रिया 2 नवंबर को सुबह चार बजे से शुरू होगी। इस दौरान विशेष आरती व पूजन कर मां भगवती गंगा के स्वर्ण विग्रह को उनकी डोली में विराजित किया गया जाएगा। साथ ही चांदी के अखंड दीपक में छह माह के लिए घी-तेल आदि डाला जाएगा। बताया कि 12-14 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट बंद किए जाएंगे। उधर, यमुनोत्री धाम में बुधवार से ही दीपोत्सव शुरू कर दिया गया है। पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि मां यमुना के मंदिर के साथ यमुना नदी तट पर दीपक जलाएं जा रहे हैं।

# कर्णप्रयाग के स्वर्का गांव में चार दशक बाद मना दीपोत्सव... जन्मभूमि को लेकर दिखा प्यार, मिलकर मनाया त्योहार



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के एक गांव में चार दशक बाद दीपोत्सव मनाया गया। लोगों ने इस पल को यादगार बनाया। अपनी जन्मभूमि को लेकर लोगों में प्यार दिखा।

दिवाली का त्योहार पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया, लेकिन उत्तराखंड के एक गांव में इस बार दिवाली कुछ खास रही। पलायन से खाली हो रहे गांवों के प्रति प्रवासियों का लगाव बढ़ने लगा है। गांवों में ख़ास तौर पर सड़क सुविधाएं होने से प्रवासी अपने पैतृक घरों को ठीक कर उनमें रहने भी लगे है।

ऐसा ही मामला है कर्णप्रयाग के स्वर्का गांव का। इस गांव के मुख्य तोक से कई परिवार सालों पहले पलायन कर दिल्ली सहित अन्य जगह बस गए। दो साल पहले यहां प्रवासी युवा प्रदीप मैखुरी और डॉ संजय मैखुरी ने अपने पुराने घरों में दीए जलाकर दिवाली मनाई। जिसके बाद अब इन युवाओं ने घर बनाए हैं।

इन घरों में इनके बुजर्ग रह रहे हैं और इस बार चार दशक बाद अपने घरों में दिवाली मनाई। प्रदीप के पिता बल्लभ प्रसाद कहते हैं कि गांव में युवास्था के दिन याद आए। अपने घर में भैलो (जलती लकड़ियों को रस्सी पर बांधकर घुमाना ) भी खेला। नाच गान भी हुआ।

ईष्ट देवी देवताओं की पूजा भी की। गांव के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता टीका प्रसाद मैखुरी कहते हैं कि गांव में सड़क पहुंचने के बाद दो परिवारों ने अपने नए घर बनाए हैं।

# रोपवे योजनाओं के लिए ब्रिडकुल होगी नोडल एजेंसी, मुख्य सचिव ने प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश



**देहरादून, एजेंसी।** नोडल एजेंसी निर्धारित करने के संबंध में हुई बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों व हितधारकों की सहमति लेते हुए अग्रिम कार्रवाई करने के लिए कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में ब्रिडकुल रोपवे एवं अन्य निर्माण कार्यों में विशेषज्ञता, अनुभव एवं पर्याप्त मानव संसाधन रखती है।

प्रदेश में रोपवे अवस्थापना के संपूर्ण विकास, कंसलटेंसी, तकनीकी और अन्य सेवाओं के लिए ब्रिडकुल राज्य सरकार की नोडल एजेंसी होगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को राज्य सचिवालय में हुई एक बैठक के दौरान ब्रिडकुल को विशेषज्ञ एजेंसी घोषित करने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

रोपवे विकास के लिए राज्य सरकार की नोडल एजेंसी निर्धारित करने के संबंध में हुई बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों व हितधारकों की सहमति लेते हुए अग्रिम कार्रवाई करने के लिए कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में ब्रिडकुल रोपवे एवं अन्य निर्माण कार्यों में विशेषज्ञता, अनुभव एवं पर्याप्त मानव संसाधन रखती है।

ब्रिडकुल के अनुभवों एवं विशेषज्ञता का लाभ रोपवे विकास में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे रोपवे विकास के प्रोजेक्टस् में तीव्रता से प्रगति सुनिश्चित होगी। बैठक में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय, अपर सचिव लोनिवि धीराज गबर्याल समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धारा 163 हटने के बाद भी मस्जिद मार्ग पर पुलिस का पहरा




**देहरादून, एजेंसी।** उत्तरकाशी में बीते दिनों हुए बवाल के बाद पुलिस -प्रशासन किसी भी स्तर पर चूक नहीं करना चाहता है। लिहाजा ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। धारा 163 हटाए जाने के बावजूद कड़ी नजर रखी जा रही है।

उत्तरकाशी में जनाक्रोश रैली के दौरान हुई बवाल की घटन के बाद जनपद में लागू धारा 163 हटा ली गई है। लेकिन मस्जिद मार्ग पर पुलिस का पहरा बरकरार है। इधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए मस्जिद मार्ग के अलावा अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस जवानों को तैनात किया गया है।

बता दें कि बीते 24 अक्तूबर को शहर की एक मस्जिद के खिलाफ जनाक्रोश रैली के दौरान स्टील की बोतल फेंकने और पथराव से बवाल हो गया था। इस कारण पुलिस को बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा था। उसके बाद तनाव को देखते हुए पूरे जनपद में एनबीएसएस की धारा 163(निषेधाज्ञा) लागू की गई, जिसे वर्तमान में हटा लिया गया है। लेकिन निषेधाज्ञा हटने के बाद भी जिस मस्जिद को लेकर विवाद की स्थिति है, वहां पुलिस का कड़ा पहरा है। यहां रात और दिन में पुलिस नजर बनाए हुए हैं। इसके लिए मस्जिद मार्ग पर तीन सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव का कहना है कि मस्जिद मार्ग के अलावा अन्य संवेदनशील जगहों पर दीपावली के त्योहार के मध्येनजर भीड़-भाड़ वाले सभी क्षेत्रों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हनुमान चौक, विश्वनाथ चौक, मुख्य बाजार, रामलीला मैदान आदि सभी जगह पुलिस पिकेट्स लगाई गई है।

# सुधरेगी नारी निकेतन, बाल सुधार गृह की हालत, जिलाधिकारी सविन बंसल ने किया निरीक्षण



**देहरादून, एजेंसी।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने केदारपुरम अवस्थित नारी निकेतन, बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों संग खुशियां बांटीं।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने केदारपुरम अवस्थित नारी निकेतन, बाल सुधार गृह, शिशु सदन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मूकबधिर, सवांसनियों, बच्चों को मिठाई वितरण की। जिलाधिकारी ने रसोईघर, आवास, स्वास्थ्य केंद्र एवं परिसर सहित शौचालय की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने परिसर में रंगरोगन कराने के निर्देश दिए। साथ ही नारी निकेतन में दो अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए आरईएस के अधिकारियों को कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने किशोर सुधार गृह में कक्षा 05 से 12 तक एनसीईआरटी की किताब के साथ भारतीय एवं विश्व एटलस रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से बात की। नारी निकेतन में दो किशोरी व्यावसायिक कोर्स करना चाह रही थीं, लेकिन धन की समस्या आड़े आ रही थी, डीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कोर्स के लिए धनराशि की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि जो बच्चा पढ़ना चाहता है, उसकी किसी भी हालत में पढ़ाई नहीं रुकेगी। डीएम ने कहा कि नारी निकेतन में रह रहे मूकबधिरों के लिए जांच के लिए चिकित्सालय ले जाने को अलग से वाहन की व्यवस्था की जाए। इसके लिए बजट की स्वीकृति मौके पर दी गई। निरीक्षण के दौरान नारी निकेतन में सीवर लाइन चोक मिली। जल संस्थान को एक सप्ताह में इसे ठीक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि नारी निकेतन में रह रही प्रत्येक किशोरी, महिला, बालिकाओं का पूर्ण विवरण तथा नारी निकेतन में रहने का कारण, पारिवारिक विवरण प्रस्तुत किया जाए।

# केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में देश की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की

**आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने शुक्रवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ हनुमान मंदिर में यज्ञ और पूजा की**

- मैंने और मेरी पत्नी ने भगवान रामचंद्र जी से देश के सभी लोगों के भले और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है, वो सभी की मनोकामनाएं पूरी करें- केजरीवाल



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर देश की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने शुक्रवार को मंदिर में अपनी धर्मपत्नी के साथ विधिवत यज्ञ और पूजा की। पूजा के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने और मेरी पत्नी ने भगवान रामचंद्र जी से देश के सभी लोगों के भले और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है, वो सभी की मनोकामनाएं पूरी करें।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबका भला हो, देश का भला हो और सबको दिवाली मुबारक हो। भगवान राम सबका भला करें, सबकी मनोकामना पूरी करें। अभी मैं और मेरी पत्नी कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर आए। यहां पर हम लोगों ने यज्ञ किया और हमने सबके भले के लिए, और सबके स्वास्थ्य के लिए कामना की।

आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल की हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए तस्वीरें साझा की। पार्टी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी धर्मपत्नी ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में यज्ञ कर भगवान से आशीर्वाद लिया। अरविंद केजरीवाल ने भगवान राम से प्रार्थना की कि हर घर में सुख, शांति आए और सभी के स्वास्थ्य की रक्षा हो। प्रभु राम की अनुकंपा से देश उन्नति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा अपने जीवन के खास मौकों पर सुख शांति और पूजा के लिए कनॉट प्लेस में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए जाते रहते हैं।

# क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में आप की विफलता से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा : भाजपा

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता दिवाली पर पटाखे जलाने के कारण नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजधानी की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में आम आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल की नाकामी के कारण खराब हुई है।

शुक्रवार को शास्त्री पार्क का दौरा करने वाले, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनकी उत्तराधिकारी आतिशी द्वारा दिवाली से पहले सड़कों की मरम्मत करने के वादे के बावजूद शहर में सैकड़ों सड़कें खस्ताहाल हैं।

गुप्ता ने कहा, आप को राजनीति और दोषारोपण बंद कर देना चाहिए तथा धूल जैसे प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो दिल्ली में खतरनाक वायु गुणवत्ता के लिए अधिक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति जितनी खराब दिवाली से पहले थी उतनी ही अब भी है और कहा कि आप तथा केजरीवाल को लोगों को गुमराह करना बंद कर देना चाहिए।

गुप्ता ने आरोप लगाया कि प्रदूषण में वृद्धि पटाखों के कारण हुई है, तथा इस मुद्दे पर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा, अगर शहर की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर दी जाए और सफाई व्यवस्था में सुधार कर दिया जाए तो प्रदूषण में 50 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दावा किया कि पिछले चार दिनों के तुलनात्मक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ों से पता चलेगा कि पटाखों के कारण प्रदूषण का स्तर नहीं बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्रोतों और पराली जलाने से आगामी दिनों में इसमें वृद्धि होगी।

दिल्ली में शुक्रवार को धुंध की मोटी चादर छाई रही और राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 362 पर पहुंच गया। दिवाली के दौरान पटाखों पर पूरी दिल्ली में प्रतिबंध का लोगों ने जमकर उल्लंघन किया। दिल्ली में पिछले तीन वर्षों में इस साल सबसे प्रदूषित दिवाली दर्ज की गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिवाली पर दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया, जबकि 2023 में यह 218 और 2022 में 312 था। राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई शुक्रवार को सुबह नौ बजे 362 यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब, 401 से 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर एक्यूआई को बेहद गंभीर माना जाता है।

## अगली दिवाली तक और प्रदूषित हो जाएगी यमुना

नई दिल्ली। दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट पहले से ही बरकरार है. राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर के बढ़ने के साथ-साथ अब यमुना नदी में जहरीले झागों की समस्या ने एक नई चिंता को जन्म दिया है. विशेषकर दिवाली के बाद अब छठ पर्व को मनाने के लिए जोरों पर चल रही तैयारियों के बीच, यह प्रदूषण का उभार और भी गंभीर हो गया है.

शहजाद पूनावाला का आरोपः शुक्रवार को कालिंदी कुंज में यमुना नदी के घाट पर सफेद झाग पानी पर तैरते हुए देखे गए, यह झाग न केवल नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हानिकारक है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस मामले की गंभीरता को उजागर करते हुए कहा कि दिवाली के अगले दिन यमुना घाट पर प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक है. उनका आरोप है कि इस स्थिति के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार जिम्मेदार है. राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपः शहजाद पूनावाला ने कहा कि छठ पूजा से पहले सरकार रासायनिक डिफोमर का उपयोग कर रही है, जो एक अस्थायी समाधान है और इसका वास्तविक स्थायी समाधान नहीं है. उनका यह भी कहना था कि केजरीवाल दिल्ली को ह्यगैस चैंबरह्ल में बदलने के लिए जिम्मेदार हैं. उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार अन्य राज्यों, खासकर यूपी और पंजाब, को प्रदूषण के लिए दोषी ठहराती है, जबकि वे खुद अपनी जिम्मेदारियों से भागते हैं. आप नेता सत्येंद्र जैन का आरोपः बीते सप्ताह कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैरते दिखे थे तो यमुना में प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा के विरोध प्रदर्शन करने पर हमला बोला. आप नेता सत्येंद्र जैन ने कहा था कि नदी में बहने वाला औद्योगिक कचरा दिल्ली से नहीं आता है, राष्ट्रीय राजधानी में कोई जल प्रदूषणकारी उद्योग नहीं हैं। जैन ने दावा किया कि यमुना में औद्योगिक कचरा हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आता है. उन्होंने कहा था कि यह कचरा बादशाहपुर नाले से होकर नजफगढ़ नाले में जाता है, जोकि गुरुग्राम की तरफ से आता है. सोनीपत में औद्योगिक कचरा नरेला की तरफ से यमुना में आता है. शाहदरा नाले में औद्योगिक कचरा उत्तर प्रदेश से आता है. उन्होंने कहा था कि कालिंदी कुंज के पास यूपी जल निगम द्वारा प्रतिबंधित एक बैराज है, जिसके 12 गेट हैं। अगर ये सभी गेट खोल दिए जाएं

# संक्षिप्त खबरें

## ऑटो में एक शख्स का शव मिला, केस दर्ज

नई दिल्ली। वसंत विहार स्थित एयर इंडिया कॉलोनी के पास खड़े एक ऑटो में 31 अक्टूबर को एक शख्स का शव बरामद किया गया है। राहगीरों ने ऑटो में शव को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। प्राथमिक जांच में शव पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतक की पहचान मदनलाल के रूप में हुई है। मदनलाल को शराब पीने की लत थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य

नई दिल्ली। स्कूलों की शैक्षणिक, शैक्षिक और प्रशासनिक स्थिति को जानने के लिए नवंबर में अनिवार्य तौर पर निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। निरीक्षण अधिकारी गणित अभियान की प्रगति को लेकर जांच करेंगे। निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जाएगी। स्कूलों के निरीक्षण के लिए 126 अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इससे स्कूलों की स्थिति में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

## रोटी नहीं दी तो युवक को चौथी मंजिल से गिराया, मौत



नई दिल्ली। बवाना इलाके में बुधवार देर रात दो रोटी मांगने के विवाद में एक शख्स की चौथी मंजिल से धक्का देकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी असलम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय राम प्रकाश बवाना स्थित फैक्टरी में तीन माह से काम कर रहा था। वह अन्य मजदूरों के साथ फैक्टरी में रहता था। बताया जाता है कि बुधवार रात को रामप्रकाश अपने साथी दीपक के साथ फैक्टरी की चौथी मंजिल पर सजावट कर रहा था। इस दौरान पड़ोस की फैक्टरी की छत पर असलम नाम का शख्स खड़ा था। उसने रामप्रकाश से दो रोटी मांगी। इस पर रामप्रकाश ने रोटी नहीं होने और खुद के पैसों से खाने की नसीहत दी। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया और असलम तुरंत राम प्रकाश के पास पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने रामप्रकाश को चौथी मंजिल से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# दिवाली पर आग से झुलसे 48 मर्जी दिल्ली एम्स में भर्ती, 11 की हालत गंभीर

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



राजधानी दिल्ली में दीपावली पर पटाखों पर दिल्ली सरकार द्वारा बैन लगाया गया था। फिर भी जमकर आतिशबाजी हुई। झुलसे हुए कुल 48 मरीजों को एम्स में भर्ती कराया गया।

दिल्ली एम्स द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, 31 अक्टूबर को एम्स में कुल 48 मरीजों को भर्ती कराया गया। जिनमें 19 मरीज आईसीयू में एडमिट हैं। जिनमें से 11 मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है। इनकी उम्र 10 साल से 25 साल के बीच है। 48 मरीजों में से 11 की आंखों पर असर पड़ा है। वहीं, 19 के हाथ जख्मी हुए हैं।

दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कल कोई बड़ी कॉल नहीं आई, लेकिन बहुत सारी कॉल आई हैं। कल शाम 5 बजे से रात 12 बजे तक करीब 192 कॉल आईं और रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक करीब 158 कॉल आईं। राहत की बात ये है कि कोई बड़ी वारदात नहीं हुई। छोटी आग की घटनाएं हुईं, एक विकासपुरी में हुई जिसमें दो लोग बेहोश हो गए। मंगोलपुरी में 1 आग की घटना हुई जिसमें एक महिला और 2 बच्चे घायल हो गए। हमने इस बार दमकल बल बढ़ा दिया था इस वजह से जहां भी सूचना मिली तुरंत पहुंच गए। वहीं, दिल्ली से सटे गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों में दीपावली की रात को आग लगने की तकरीबन 60 घटनाएं सामने आईं। फायर विभाग गाजियाबाद के मुताबिक उन्हें बीती रात गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों से आग लगने की 60 कॉल मिली थी। इस दौरान सूचना के आधार पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

दीपावली पर 31 अक्टूबर को जनपद के फायर स्टेशनों पर कुल 60 आग लगने की सूचनाओं प्राप्त हुई। जिसमें वैशाली क्षेत्र में 21 अग्निकांड, कोतवाली क्षेत्र में 17, मोदीनगर क्षेत्र में 1, लोनी क्षेत्र में 7, साहिबाबाद क्षेत्र में 14, अग्निकांड की सूचनाओं प्राप्त हुई थीं।

# बवाना में रोटी के लिए हत्या, 4 मंजिला इमारत से धक्का दे दिया

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद कारखाने के एक कर्मचारी को कथित तौर पर इमारत की छत से धक्का दे दिए जाने से उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना 29 अक्टूबर को उस समय हुई जब राम प्रकाश और दीपक दिवाली के लिए सेक्टर-1 स्थित इमारत की छत पर सजावट कर रहे थे. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बगल के एक कारखाने के कर्मचारी असलम ने प्रकाश से संपर्क किया और दो चपातियां मांगीं. अधिकारी ने बताया कि असलम नाराज हो गया और उसने प्रकाश को अपशब्द कहे. उन्होंने बताया कि यह झगड़ा हाथापाई में बदल गया और असलम ने प्रकाश को चौथी मंजिल की छत से धक्का दे दिया. उन्होंने बताया, प्रकाश नीचे बिजली के ट्रांसफार्मर के पास गिर गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया और इसके बाद असलम को गिरफ्तार कर लिया गया.

बवाना के जेजे कॉलोनी में हत्या : वहीं, दिल्ली के बवाना स्थित जेजे कॉलोनी में करीब 4 से 5 की संख्या में बदमाशों ने दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी. पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की. घटना 30 अक्टूबर की शाम की है. पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के बवाना इलाके में बुधवार शाम को उस समय सनसनी फैल गई जब बवाना के जेजे कॉलोनी में करीब 4 से 5 बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. इस चाकूबाजी की घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान इरशाद और फैजान के रूप में हुई है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेला इंडस्ट्रीयल एरिया के बवाना जेजे कॉलोनी में बुधवार शाम को खून से लथपथ पड़े होने के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया. जहां उपचार के दौरान दोनों को मृत घोषित कर दिया गया.

विवाद का कारण

पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि मृतक जिग-जैग तरीके से बाइक चला रहे थे. तभी 4 नाबालिगों ने उन्हें रोका और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी. मारपीट में दो नाबालिगों ने चाकू निकाल लिए और उन पर हमला कर दिया, जिसमें उनकी मौत हो गई. मृतक के परिजनों का कहना है कि करीब दो से तीन महीने पहले मृतक इरशाद का आरोपियों के साथ बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था. हालांकि उस समय यह विवाद खत्म हो गया था, लेकिन कल फिर किसी बात को लेकर विवाद हुआ जो खूनी खेल में तब्दील हो गया. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

## केजरीवाल ने दिल्ली को गैस चैंबर और यमुना को प्रदूषित नदी बना दिया : चुघ

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए पटाखों को जिम्मेदार ठहराने वाले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को एक गैस चैंबर बना दिया है। इसके साथ राजधानी की यमुना नदी को भी प्रदूषित नदी बना दिया है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में तरुण चुघ ने कहा कि प्रदूषण को नियंत्रित करने में अपनी विफलता और अक्षमता को छिपाने के लिए, अरविंद केजरीवाल दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के लिए दिवाली के पटाखों को दोष दे रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में, आम आदमी पार्टी( आआपा ) ने प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए दिल्ली में कुछ नहीं किया है। औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण पर उचित नीतियों को लागू करने में आआपा सरकार की पूर्ण विफलता के साथ-साथ समय पर कार्रवाई की कमी के कारण यमुना नदी जहरीली हो गई है और दिल्लीवासी खतरनाक रूप से खराब गुणवत्ता वाली हवा से पीड़ित हैं। चुघ ने यमुना में डुबकी और घूंट योजना के संबंध में केजरीवाल के अधूरे वादों पर तंज कसते हुए कहा कि 2021 में एक टेलीविजन साक्षात्कार में, केजरीवाल ने दावा किया था कि वह 2025 तक व्यक्तिगत रूप से पवित्र नदी में स्नान करेंगे, लेकिन ऐसे वादे सफेद झूठ और दिल्ली के निर्दोष लोगों को गुमराह करने की नौटंकी मात्र थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग इससे बेहतर के हकदार हैं और केवल भाजपा ही उन्हें स्वच्छ वातावरण और शुद्ध यमुना नदी प्रदान कर सकती है।

# दिवाली पर एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में जाने से रोकने के लिए दिल्ली के लोगों का आभारः गोपाल राय

- राय ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो मोबाइल स्मॉग गन तैनात की गई थीं

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि दिवाली पर राजधानी के ज्यादातर लोगों ने पटाखे नहीं जलाए और वह इसके लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं क्योंकि इसी से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को गंभीर श्रेणी में जाने से रोकने में मदद मिली। राय ने कहा, बहुत से लोगों ने पटाखे नहीं जलाए जिससे हम एक्यूआई के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से बचे रहे। उनके इस जिम्मेदारीपूर्ण बर्ताव के लिए उनका आभार। उन्होंने कहा कि अधिकतर निवासियों ने प्रतिबंध का पालन किया फिर भी कुछ लोगों ने पटाखे जलाए और यदि प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाता तो वायु गुणवत्ता में और सुधार हो सकता था। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सरकार ने दिवाली पर विशेष धूल नियंत्रण अभियान भी शुरू किया। राय ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो मोबाइल स्मॉग गन तैनात की गई थीं, जो धूल को कम करने और प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव कर रही थीं।

## प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार ने सड़कों पर उतारे 200 एन्टी स्मॉग गन

नई दिल्ली। प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को 200 एंटी स्मॉग गन को सड़कों पर उतारा है. दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय के बाहर हरी झंडी दिखाकर सभी एंटी स्मॉग गन को रवाना किया. ये एंटी स्मॉग गन 3 शिफ्ट में 7- 7 घंटे छड़काव करेंगी. सभी विधानसभा क्षेत्र में दो दो एंटी स्मॉग गन को पानी के छिड़काव के लिए लगाया जाएगा. दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा दिल्ली सरकार की तरफ से पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था. दिल्ली के लोगों ने इसका सहयोग किया. इसके लिए मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद देता हूं. जिन लोगों ने दीपावली पर आतिशबाजी की मैं उनसे यही कहना चाहता हूं कि यदि उन्होंने आतिशबाजी नहीं की होती तो दिल्ली की हवा और ज्यादा साफ होती. आशंका थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर 400 के पार चला जाएगा. लेकिन दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 पर ही रह गया. पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दीपावली के बाद हुई प्रदूषण को कम करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय के बाहर से 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. दो-दो एंटी स्मॉग गन दिल्ली की 70 विधानसभा में हवा में पानी का छिड़काव करेंगे. सभी एंटी स्मॉग गन सात-सात घंटे पानी का छिड़काव करेंगे. इससे प्रदूषण कम होने की उम्मीद है. बाकी के 60 एंटी स्मॉग गन दिल्ली के 13 हॉटस्पॉट वाले इलाकों में पानी का छिड़काव करेंगे. पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लोगों से भी प्रदूषण की रोकथाम के लिए सहयोग की अपील की है. उन्होंने कहा कि लोग अपने मोबाइल में ग्रीन दिल्ली ऐप डाउनलोड करें

# तीन साल में सबसे प्रदूषित रही इस बार की दीवाली, हवा में घुला बारूद

दिल्ली में शुक्रवार को धुंध की मोटी परत छाई रही और राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में 362 दर्ज किया गया। दिवाली के दौरान लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर लगे प्रतिबंध का जमकर उल्लंघन किया। दिल्ली में पिछले तीन वर्षों में सबसे प्रदूषित दिवाली भी इस साल दर्ज की गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिवाली पर दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया, जबकि 2023 में यह 218 और 2022 में 312 था। राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई शुक्रवार को सुबह नौ बजे 362 यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली के अधिकतर निगरानी केंद्रों ने प्रदूषण का एक जैसा स्तर दिखाया, और 39 में से 37 केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को बहुत खराब श्रेणी में बताया। राष्ट्रीय एक्यूआई के बारे में हर घंटे अद्यतन जानकारी देने वाले सीपीसीबी के ह्यसमीरह्ल ऐप के अनुसार, अलीपुर में एक्यूआई 355, आनंद विहार में 396, अशोक विहार में 389, आया नगर में 351, बवाना में 396, बुराड़ी में 394 और मथुरा रोड में 371 दर्ज किया गया। आईजीआई हवाई अड्डे पर एक्यूआई 371, द्वारका में 376, जहांगीरपुरी में 390, मुंडका में 375, पटपड़गंज में 365, रोहिणी में 390, सोनिया विहार में 396 और वजीरपुर में 390 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब, 401 से 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर एक्यूआई कोबेहद गंभीर माना जाता है। पीएम 2.5 सूक्ष्म कणों की हवा में सांद्रता भी सुरक्षित सीमा से अधिक हो गई। पीएम 2.5 सूक्ष्म कण आसानी से श्वसन प्रणाली में प्रवेश कर जाते हैं और विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। शुक्रवार की सुबह छह बजे दिल्ली में पीएम 2.5 की सांद्रता 207.8 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। पीएम 2.5 की मौजूदगी की सुरक्षित सीमा 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। दिवाली के दौरान और उसके बाद प्रदूषण में वृद्धि से निपटने के प्रयास के तहत दिल्ली सरकार ने लगातार पांचवे वर्ष पटाखों पर व्यापक प्रतिबंध लागू किया था। प्रतिबंध के तहत पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। दिल्ली सरकार ने प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 377 प्रवर्तन दल भी स्थापित किए थे और स्थानीय संघों के माध्यम से जागरूकता फैलाई थी॥

# आयुष्मान भारत कोई स्कीम नहीं...दीपावली पर जीबी पंत अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिले सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दीपावली पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज दिल्ली सरकार के जीबी पंत अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात करने पहुंचे. सौरभ भारद्वाज ने हृदय रोग विभाग में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. साथ ही वार्ड में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी. मरीजों से मुलाकात कर भारद्वाज ने अस्पताल की ओर से मिल रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली.

बताया जा रहा है कि अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं से सभी मरीजों के परिजन संतुष्ट नजर आए. हृदय रोग विभाग में भर्ती मरीजों में लगभग 80 प्रतिशत मरीज भाजपा शासित राज्यों से आए हुए थे. दिल्ली सरकार बिना भेदभाव के सभी मरीजों का मुफ्त इलाज कर रही है. केजरीवाल द्वारा दिल्ली में तैयार की गई स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी सुचारू रूप से चल रही है. दिल्ली के लोगों के साथ-साथ देश के कोने-कोने से आने वाले सभी मरीजों का मुफ्त इलाज दिल्ली सरकार के अस्पतालों में किया जा रहा है.

सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल की साफ सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया. छुट्टी के दिन भी जीबी पंत अस्पताल में सफाई की व्यवस्था बहुत ही उत्तम प्रकार से की गई थी. जीबी पंत अस्पताल में किए गए इस दौरे के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जितने भी मरीजों से मैंने मुलाकात की, उनमें से लगभग 80 प्रतिशत मरीज भाजपा शासित राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा अन्य राज्यों से आए हुए थे. सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें बेहद खुशी है, कि दिल्ली के लोगों के साथ-साथ हम दिल्ली से बाहर के लोगों का भी मुफ्त इलाज कर रहे हैं. परंतु यहां एक बड़ा प्रश्न यह उठता है कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी चीख चीखकर केंद्र सरकार की जिस स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत का गुणगान करते नहीं थकती, उन भाजपा शासित राज्यों से दिल्ली सरकार के अस्पतालों में लगभग 80 प्रतिशत मरीज पाए गए. यह बेहद ही हैरान करने वाली बात है, कि भाजपा शासित राज्यों में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ इन गरीब लोगों को नहीं मिल पा रहा है. सौरभ भारद्वाज ने आयुष्मान भारत योजना पर प्रश्न उठाते हुए कहा, कि उत्तर प्रदेश के नोएडा गाजियाबाद में सैकड़ों प्राइवेट अस्पताल हैं, इसी प्रकार से हरियाणा के गुड़गांव तथा आसपास के शहरी क्षेत्र में सैकड़ों बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पताल हैं, फिर भी उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा भाजपा शासित अन्य राज्यों के लोग दिल्ली जाकर दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अपना इलाज करने के लिए मजबूर हैं, आखिर ऐसा क्यों है ? उन्होंने कहा कि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है, कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना केवल और केवल कागजों पर उपलब्ध है, जमीनी स्तर पर किसी गरीब व्यक्ति को इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है.

# शाहदरा हत्याकांड : दोहरी हत्या की वजह निकल कर आई सामने

- वह आकाश से पैसे वसूलना चाहता था, लेकिन आकाश ने फोन उठाना बंद कर दिया था।

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दीपावली की रात दिल्ली के शाहदरा इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड में एक नया ऐंगल निकल कर सामने आया है। बताया जा रहा है कि चाचा-भतीजे की हत्या के आरोप में एक मात्र पकड़ा गया नाबालिग के परिवार से मृतक और उसके परिवार की 20 साल से ज्यादा पुरानी रंजिश बताई जा रही है। मिल रही सूचनाओं के अनुसार दोनों मृतकों के नाम क्रमशः आकाश और ऋषभ बताए जा रहे हैं। आकाश और आरोपी के बीच तीन महीने पहले झगड़ा भी हुआ था। मृतक की मां का आरोप है कि इसी झगड़े की वजह से यह हत्याकांड हुआ है। मृतक आकाश का 10 साल का बेटा भी इस गोलीकांड में घायल हुआ है। अपराधियों ने मौके पर पांच राउंड गोलियां चलाईं।

घटना की जानकारी देते हुए डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि इस मामले में पकड़े गए नाबालिग आरोपी ने 70 हजार रुपये के लेनदेन के विवाद में यह साजिश रची थी। वह आकाश से पैसे वसूलना चाहता था, लेकिन आकाश ने फोन उठाना बंद कर दिया था। इससे नाराज नाबालिग ने शूटर को हायर किया और आकाश की हत्या कर दी। यह लोग 17 दिनों से इस वारदात को अंजाम देने के लिए षडयंत्र रच रहे थे। पुलिस शूटर की तलाश कर रही है और नाबालिग के पहले भी कई अपराधों में शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

खबरों की मानें तो पकड़े गए एक मात्र आरोपी और उसके पिता ने आकाश के पिता की हत्या की थी। दोनों परिवारों के बीच जमीन का विवाद है। आकाश पर भी काफी आपराधकि मुकदमे दर्ज हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से गुनहगारों की तलाश करने में जुटी है। इसमें पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार भी किया है।

बता दें कि दिल्ली के शाहदरा में दीपावली के अवसर पर फर्श बाजार थाना क्षेत्र में चाचा- भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना इलाके के बिहारी कॉलोनी गली नंबर एक में तब घटी, जब दोनों चाचा भतीजे पूजा की तैयारियां कर रहे थे। चाचा-भतीजे जब अपने घर के बाहर सड़क पर किसी काम के लिए बाहर आए, तो स्कूटी से आए दो युवकों ने पहले उनके पैर छुए और इसके बाद तमंचा निकाल कर हमला कर दिया। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकाश और ऋषभ के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में दोनों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अपने घर के बाहर पीला कुर्ता पजामा पहने दो व्यक्ति दीपावली की सजावट करने के बाद खड़े दिखाई दे रहे हैं। इतने में गली में आकर एक स्कूटी रुकती है। स्कूटी सवारों में से एक व्यक्ति पहले गली में खड़े व्यक्ति के पैर छूता है। इसके बाद जब वह व्यक्ति (चाचा) अपने घर के अंदर जाने लगता है, तो स्कूछटी से आया व्यक्ति तमंचा निकाल कर उस पर कई राउंड गोलियां चलाता है। इसके बाद दोनों स्कू टी पर बैठकर फरार हो जाते हैं।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार ने शुरू किया पानी छिड़काव का विशेष अभियान- गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार ने पूरे शहर में पानी छिड़काव का विशेष अभियान शुरू किया है। इस दौरान दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली वालों को बधाई देना चाहता हूँ कि उनके प्रयासों के कारण दिपावली के दूसरे दिन शुक्रवार को एक्यूआई 360 के आस-पास बना हुआ है और प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी मे जाने से रूक गया।लेकिन अभी भी लापरवाही बरतने की जरूरत नहीं है। इसीलिए आज से दिल्ली सरकार प्रदूषण के स्तर को गंभीर श्रेणी में जाने से रोकने के लिए पानी छिड़काव का विशेष अभियान शुरू की है। दिल्ली में पानी का छिड़काव करने के लिए 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं। सभी 70 विधानसभा में दो-दो मोबाइल एंटी स्मोग गन से छिड़काव कराया जाएगा।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पायी है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है जैसे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, पटाखों को लेकर जागरूकता अभियान आदि। एक्यूआई को देखते हुए आज से पूरे दिल्ली में सड़कों पर 200 मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली के सभी 70 विधानसभा में दो-दो मोबाइल एंटी स्मोग गन से छिड़काव कराया जाएगा। साथ ही साथ हॉटस्पॉट पर एक्स्ट्रा मोबाइल एंटी स्मोग गन लगाया गया है। मोबाईल एंटी स्मोग गन द्वारा 3 शिफ्ट में लगातार पानी का छिड़काव किया जाएगा।

गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से कहा कि प्रदूषण को नियत्रित करने में आपके सहयोग की जरूरत है। दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहता हूँ कि अगर आपको दिल्ली में कहीं भी धूल उड़ती दिखे, या किसी कंस्ट्रक्शसन साईट पर धूल उड़ती दिखे तो उसका फोटो खिंचकर ग्रीन दिल्ली ऐप पर डाल दें। अगर आप के आस-पास कहीं आग लग रही है या कहीं धूंआ निकल रहा है तो उसका भी फोटो खिंचकर ग्रीन दिल्ली ऐप पर हमें भेंज दें, सम्बंधित विभाग उसपर तुरंत कार्रवाई करेगा ।रेडलाईट होने पर अपनी गाड़ी को आफ कर दें। आप सभी के सहयोग से दिल्ली सरकार 24 घंटे दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए काम कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि जिस प्रकार हम सबने मिलकर दिल्ली में दिपावली के बाद प्रदूषण के स्तर को कम करने में सफल रहे हैं आगे भी सफल होंगे।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के स्तर को गंभीर श्रेणी में जाने से रोकने के लिए दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओं में दो-दो मोबाईल एंटी स्मोग गन द्वारा तीन शिफ्ट में लगातार पानी का छिड़काव किया जाएगा। हमने 200 से ज्यादा मोबाईल एंटी स्मॉग गन की तैनाती की है। यह अभियान 70 विधानसभा के अलावा, जो हाटस्पाट हैं वहां पर विशेष रूप में से छिड़काव का काम किया जाएगा। हाटस्पाट पर विशेष ध्यान रखने के लिए कोआर्डिनेशन टीम बनाई गयी है। साथ ही एमसीडी के डीसी को सभी सम्बंधित अधिकारी के साथ हॉटस्पॉट का लगातार दौरा करने का निर्देश दिया गया है।

# इंस्पेक्टर विजेंद्र पाल सिंह ने उपहार बांटकर गरीबो संग मनाई दीपावली

प्रात: किरण संवाददाता



त्योहार दीपावली का पर्व मानवीयता और खुशी का प्रतीक है। इसी भावना को लेकर कांठ थाना क्षेत्र में पुलिस ने गरीब और असहाय बच्चों के साथ त्योहार मनाया मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ विजेन्द्र पाल सिंह ने गरीब बच्चों को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बच्चों और बुजुर्गो को मिठाई, मिट्टी के दिए, फल-फूल, मिष्ठान, और फुलझड़ियां वितरित कर उनका दिन खुशियों से भर दिया गया। बच्चों के चेहरे उपहार पाकर खिल उठे। जिससे पुलिस का मानवीय और दयालु चेहरा सामने आया इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि दीपावली खुशियां बांटने का त्योहार है। आम आदमी के साथ पुलिस का भी कर्तव्य बनता है कि वह ऐसे लोगों के साथ दीपावली की खुशियां बांटे। जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने आसपास के ऐसे लोगों के साथ खुशियां बांटेगे तो ईश्वर भी खुश होगा। पुलिस के साथ दीपावली मनाकर सभी लोगों और बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे तथा सभी ने पुलिस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पुलिस त्योहार के समय क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है तथा शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालो एवं अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## देश की अखंडता के लिए कुर्बान हुई इंदिरा गांधी: ओमकार कटारिया



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। नगर पंचायत सैद नंगली में सत्ती माँ के मंदिर प्रांगण में कांग्रेसजनों द्वारा आयरन लेडी भारत रत्न प्राप्त भारत की पूर्व एवं प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर एवं अखंड भारत का निर्माण करने वाले भारत रत्न प्राप्त आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आज ही के दिन आयरन लेडी के नाम से विश्वविख्यात भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी जी को देश के दुश्मनों ने गोलियों की बौछार कर शहीद कर दिया था इंदिरा गांधी जी ने देश की अखंडता के लिए आने प्राणों का बलिदान दे दिया लेकिन देश को टूटने नहीं दिया प्रधानमंत्री रहते हुए श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने पूरे विश्व मै हिन्दुस्तान का सर ऊँचा रखा और कहा जब देश आजाद हुआ तो भारत के अंदर अनेकों रियासतें थीं भारत अनेक रियासतो मै बिखरा हुआ था लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत सरकार के गृहमंत्री रहते हुए देश मै बिखरीं सभी रियासातों को मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया इस असम्भव कार्य को पटेल जी ने ही सम्भव किया आजादी की लड़ाई मै भी पटेल साहब का विशेष योगदान है वो देश की आजादी की लड़ाई मै अनेकों बार जेल गये पटेल जी महान व्यक्तित्व के धनी व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर डॉक्टर अहमद मुर्तजा अफसर अली सैफी राजपाल सैनी मनोज कटारिया , हर्श्वरूप प्रधान बागेश चौधरी मकसुर अंसारी, मास्टर धर्मपाल सिंह, सुमित पाल दीपक गौतम, दीपक चौधरी, राजपाल सिंह सैनी, दिनेश भाटी, समरपाल सिंह आदि मुख्यरूप से मौजूद रहे।

## चार मंजिला इमारत से युवक को दिया धक्का, मौत

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी जिले के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में मामूली विवाद में कारखाने के एक कर्मचारी को कथित तौर पर इमारत की छत से धक्का दिए जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब रामप्रकाश और दीपक दिवाली के लिए सेक्टर-1 स्थित इमारत की छत पर सजावट कर रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बगल के एक कारखाने के कर्मचारी असलम ने मामूली विवाद में प्रकाश को चौथी मंजिल की छत से धक्का दे दिया। प्रकाश नीचे बिजली के ट्रांसफार्मर के पास गिर गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया और इसके बाद असलम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## छात्राओं के लिए खरीदे जाएंगे एक करोड़ सेनेटरी नैपकिन

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी स्कूल की छात्राओं को किशोरी योजना के तहत मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में संवेदनशील बनाया जाएगा। इसको लेकर एक करोड़ सेनेटरी नैपकिन पैकेट खरीदने की तैयारी है। इसके लिए 60 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। सेनेटरी नैपकिन की खरीद को लेकर शिक्षा निदेशालय ने ई-निविदा जारी की है। एजेंसी दो साल तक 605 सरकारी स्कूलों और 150 सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्राओं को इसका वितरण करेगी।

## सुभासपा प्रमुख के प्रतिनिधि का अमरोहा आगमन पर हुआ स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पंडित राम अवतार शर्मा को जिला रामपुर का प्रतिनिधि बनने के बाद प्रथम बार जनपद अमरोहा आगमन पर सुभासपा कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। जिसमें बोलते हुए जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि पंडित राम अवतार शर्मा के मंत्री प्रतिनिधि बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया पंडित राम अवतार शर्मा ने कहा की माननीय ओमप्रकाश राजभर जी की विचारधारा को हमें जन जन तक पहुंचना है और सरकार की योजनाओं को धरातल पर ले जाने के लिए गांव गांव जन चौपाल के माध्यम से सदस्यता अभियान को तेज चलाने की आवश्यकता है जिससे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का कारवां पूर्वांचल की तर्ज पर पश्चिम में भी तेजी से बड़े स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान जिला कोऑर्डिनेटर जगत सिंह गुर्जर जिला सलाहकार बाबूराम पाल जिला उपाध्यक्ष जमालुद्दीन असगर अली साहब कमरुद्दीन शाह रुख खान लीलाधर सैनी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आईपी में मोबाइल एप पर पुस्तकालय की सुविधा

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में छात्रों, शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के लिए पुस्तकालय की सुविधा में इजाफा किया गया है। अब उन्हें मोबाइल ऐप के जरिए पुस्तकालय में मौजूद किताबों की जानकारी मिल जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक सूचना संसाधन केन्द्र (यूआईआरसी) द्वारा माई लॉफ्ट प्लेटफार्म (माई लाइब्रेरी ऑन फिंगर टिप्स) ऐप को लांच किया गया है। इसके जरिए वे कहीं से भी पुस्तकालय के संसाधनों तक पहुंच सकेंगे।

## दमकल विभाग को मिली तीन सौ से अधिक कॉल

नई दिल्ली। दीपावली के दिन आग लगने की घटनाओं में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि देखने को मिली है। दमकल विभाग को 24 घंटे में कुल 320 कॉल मिलीं। यह आंकड़ा बीते साल की तुलना में 42 फीसदी ज्यादा होने के साथ-साथ बीते 10 सालों में सर्वाधिक है। इससे पहले वर्ष 2015 में दमकल विभाग को 290 कॉल मिली थी। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दीपावली के दिन दमकल कर्मी हाई अलर्ट मोड में थे और टर्न आउट तीस सेकेंड रखने की कोशिश रही। इस दौरान दमकल विभाग को कुल 318 कॉल मिली, जिसमें से 240 आग लगने की थी। वहीं, बीते साल दीपावली में 208 कॉल मिली थी, जिसमें आग लगने की कॉल 140 थी। उन्होंने बताया कि आनंद पर्वत के चार, विकासपुरी और मंगोलपुरी में एक-एक घरों में आग लगने की सूचना मिली थी। गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई। उन्होंने बताया कि दमकल के 23 केंद्रों पर बड़े और 16 पर छोटे-छोटे वाहनों वाले दमकल उपकरण लगाए गए थे। जब्त 122 वाहन भी जले : सिविल लाइंस इलाके में आग लगने से 122 वाहन जल गए। बताया जाता है कि तीस हजारी कोर्ट के सामने एक मैदान में ट्रैफिक पुलिस द्वारा जब्त वाहनों को रखा जाता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे अचानक इन वाहनों में आग लग गई। इसमें एक कार और 121 दोपहिया वाहन जल गए।

## हनुमान मंदिर में केजरीवाल ने पूजा-अर्चना की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पत्नी के साथ पूजा-अर्चना की। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने सभी लोगों के भले और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। भगवान राम सबका भला करें और सबकी मनोकामना पूरी करें। प्रभु राम की अनुकंपा से देश उन्नति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़े। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल खास मौकों पर सुख-शांति और पूजा के लिए कनॉट प्लेस में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए जाते रहे हैं।

## अगर कहीं भी प्रदूषण दिखे, तो ग्रीन दिल्ली एप पर भेजें: गोपाल राय

नई दिल्ली । दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के लोगों में जागरूकता बढ़ी है इसके साथ ही उन्होंने लोगों से गुजारिश की कि प्रदूषण से जुड़ी कोई भी समस्या कहीं दिखती है तो तस्वीरों को एक एप पर पोस्ट कर सकते हैं।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी सक्रियता से काम कर रही है। अगर इसी सक्रियता से भाजपा सरकार भी काम करेगी, तो दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में काफी कमी देखने को मिलेगी। हम सभी को इस दिशा में सक्रिय रहने की जरूरत है। अगर आपको कहीं पर भी गाड़ी का प्रदूषण, धुएं का प्रदूषण दिखता है, तो आप लोग हमें इसकी तस्वीर ग्रीन दिल्ली एप में भेज सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मैं एक बात फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारी सरकार दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है, जिसे आगामी दिनों में जल्द ही जमीन पर उतारा जाएगा। मैं यहां एक बात कहना चाहूंगा कि इस बार प्रदूषण उस स्तर पर नहीं दिखा, जैसा कि आम तौर पर देखने को मिलता है। लोग अब दिल्ली में प्रदूषण को लेकर जागरूक हो चुके हैं और आगामी दिनों में हमें इस जागरूकता को और ज्यादा बढ़ाना है।

कालिंदी कुंज में उत्तर प्रदेश से जो गंदा पानी आ रहा है, उस पर भी काम किया जा रहा है। हमारी सरकार एक हजार जगहों पर छठ पूजा के आयोजन के लिए काम कर रही है। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल के लोगों में छठ पूजा को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। अब जल प्रदूषण की वजह से लोगों में छठ को लेकर उत्साह कम न हो, इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि भाजपा सरकार इस काम में हमारा सहयोग करेगी।

## भाजपा के राज में दिल्ली की कानून-व्यवस्था चरमराई : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा इलाके में हुए गोली कांड के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि केंद्र सरकार के हाथों में दिल्ली की पुलिस है और पुलिस का अपराधियों पर कोई जोर नहीं चल रहा है। चाहे दिन हो या त्योहार की शाम, अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि जैसे पहले मुंबई में हालात सुने जाते थे। वैसे ही हालत अब दिल्ली में हो गए हैं। गुरुवार को जब पूरा देश दीपावली मना रहा था तब दिल्ली के शाहदरा में अपने घर के बाहर दीपावली मना रहे एक परिवार पर गोलियां चलाकर दो लोगों की हत्या कर दी गई और एक बच्चे की हालत गंभीर है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली की कानून व्यवस्था के हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि 60 राउंड फायरिंग हो जाती है, बम ब्लास्ट हो जाते हैं, सरेआम रंगदारी मांगने के लिए गोलीबारी हो जाती है। जो हालात मुंबई में सुने जाते थे, जैसे रंगदारी मांगी जाती थी, हत्या कर दी जाती थी, अलग-अलग गैंग सक्रिय थे। वो हालात आज देश की राजधानी दिल्ली में हो गए हैं। कानून व्यवस्था के ऐसे हालात क्यों हो गए, इसका जवाब भाजपा की केंद्र सरकार को देना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात की जेल में बैठे गैंगस्टर, जहां मोबाइल पहुंच ही नहीं सकता, वहां से कैसे देश की राजधानी में अपने गैंग चला रहे हैं? इसका जवाब केंद्र की भाजपा सरकार को देना ही होगा। भाजपा के राज में दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। भाजपा दिल्ली चलाने के लिए एक मौका मांगती है, लेकिन इनसे दिल्ली की कानून व्यवस्था तक नहीं संभल रही है।

इससे पहले भी आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में हो रही वारदातों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस को पूरी तरह से नाकाम बताया था।

## दीपोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

खोडा के हिमालय एंक्लेव स्थित प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में दीपोत्सव के साथ सुंदर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के तत्पश्चात समिति के सभी सदस्यों द्वारा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर समिति के श्री विनोद तिवारी, विनोद कुमार नागर, डी. पी. उपाध्याय, सूरज सिंह कुशवाह, परमात्मा यादव, शेष नारायण मिश्र, हृदयराम मिश्रा, कृष्ण स्वरूप वर्मा, संतोष वर्मा, संतोष मिश्रा, मनमोहन तिवारी, नारायण सिंह कुशवाह, दिलीप सिंह कुशवाह, लोकेंद्र सिंह, भगवती दुबे, जगबीर सिंह, शंकर राम पटेल, शिवराम सिंह, समरपाल सिंह, डब्बु कुमार आदि मौजूद थे। सभी ने भगवान श्री राम जी के अयोध्या वापसी के खुशी में इक्कीस इक्कीस दीप जलाकर दीपोत्सव में भाग लिया, उसके बाद भजन कीर्तन एवं नृत्य किया और संकल्प किया कि हम सभी भगवान श्री राम के प्रति हमेशा अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे, उनके आचरण का अनुसरण करते हुए मन्दिर कार्य में , सदैव तत्पर रहेंगे, भगवान श्री राम के कार्य हित में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएंगे और तन मन से प्रभु की सेवा करेंगे , किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना नहीं रखेंगे सदा आपसे में प्रेम और व्यवहार पूर्वक सभी से मित्रवत व्यवहार करेंगे, प्रातः काल स्नान ध्यान से निवृत्त होकर कुछ समय के लिए मन्दिर में भगवान के दर्शन के लिय अवश्य पहुंचेंगे। सभी ने एक साथ मिलकर बनाने के लिए प्रभू श्री राम से कामना की।

## 1984 सिख दंगे में पीड़ितों को सरकारी नौकरी में मिलेगी छूट, एलजी से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शुक्रवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को बड़ी राहत दी है। पीड़ित परिजनों को मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के पद पर भर्ती के लिए योग्यता में छूट देने को मंजूरी देने का ऐलान किया है। राज निवास की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ एमटीएस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा से घटाकर आठवीं कक्षा कर दी गई है, जिससे बड़ी संख्या में उम्मीदवार नौकरी के लिए पात्र हो जाएंगे। राजनिवास से जारी नोटिफिकेशन मिली जानकारी के अनुसार, दशकों से लंबित यह निर्णय उम्मीदवारों के एक बड़े समूह को पद के लिए पात्र बनाकर उन्हें रोजगार पाने में सक्षम बनाएगा। इसमें कहा गया है कि एलजी सक्सेना ने संबंधित विभागों को मानवीय आधार पर मृतक या उम्रदराज आवेदकों के बच्चों को रोजगार प्रदान करने की संभावना तलाशने का भी निर्देश दिया है। एलजी ने राजस्व विभाग द्वारा पहचाने गए शेष आवेदकों के लिए एमटीएस के पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में पूर्ण छूट देने का निर्देश दिया। सरकारी नौकरी में मिलेगी छूट राज निवास ने कहा कि ऐसे मामलों में जहां आवेदकों की मृत्यु हो गई है या उम्र में छूट के बावजूद रोजगार के लिए उम्र सीमा पार कर गई है, विभाग उनके बच्चों में से एक को रोजगार देने के लिए आवेदन पर कार्रवाई करेगा। इसमें कहा गया है कि यह निर्णय उन मामलों की व्यापक समीक्षा के बाद आया है, जिसमें पता चला है कि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के बावजूद कई आवेदकों को रोजगार से वंचित कर दिया गया था।

# मांडविया ने युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिये आवेदन करने का आग्रह किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवा भारतीयों से भारत के विकास और सामाजिक प्रगति में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (एनवाईए) 2022-23 के लिये आवेदन करने का आग्रह किया है।

पत्र सूचना कार्यालय की विज्ञप्ति में बताया गया है कि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (2022-23) के लिये एक से 15 नवंबर, 2024 तक आवेदन दिये जा सकते हैं। विज्ञप्ति में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवा भारतीयों से भारत के विकास और सामाजिक प्रगति में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (एनवाईए) 2022-23 के लिए आवेदन करने का आग्रह किया है।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि सभी क्षेत्रों में, चाहे वह खेल हो, समाज सेवा हो, विज्ञान हो या अनुसंधान हो, भारत के युवाओं की अद्वितीय भावना को उजागर करते हुये डॉ. मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार केवल एक सम्मान ही नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील और समावेशी भारत को बढ़ावा देने में युवा नेतृत्व का उत्सव हैं। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत युवा मामले विभाग, स्वास्थ्य, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा आदि विकास और सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिये व्यक्तियों (15-29 वर्ष की आयु के बीच) और संगठनों को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (एनवाईए) प्रदान करता है।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि पुरस्कारों का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना, युवाओं को समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार करने के लिये प्रोत्साहित करना और समाज सेवा सहित राष्ट्रीय विकास के लिये युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गये उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देना है। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (2022-23) के लिये एक नवंबर से 15 नवंबर, 2024 तक गृह मंत्रालय के सामान्य पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। पुरस्कार पोर्टल का लिंक एचटीटीपीएसः//अवार्डस.जीओभी.इन/ है ।व्यक्तिगत पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 1,00,000 रुपये तथा संस्था को 3,00,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की जायेगी।

डॉ मांडविया ने एक्स पर लिखा, ह्ल नमस्कार मेरे युवा साथियों, राष्ट्र निर्माण में आपके अनमोल योगदान को सम्मानित करने के लिये ह्यराष्ट्रीय युवा पुरस्कार - 2022-23ह्व के लिये आवेदन की तारीख एक नवंबर से 15 नवंबर जारी हो चुकी है। आप सभी से आग्रह है कि इस अवसर का लाभ उठाये और अपने योगदान को राष्ट्र के सामने प्रस्तुत करें। लिंक एचटीटीपीएसः//अवार्डस.जीओभी. इन#नेशनलयूथअवार्डस।

# दिल्ली की हवा खराब करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएंगे लोग: मुख्तार अब्बास नकवी

### बढ़ते प्रदूषण पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने तंज कसा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में दीपावली की अगली सुबह प्रदूषण से लोगों को समस्या हुई। शुक्रवार को दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई खराब स्तर पर पहुंच गया। बढ़ते प्रदूषण पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने तंज कसा। उन्होंने कहा इसके पीछे पटाखे नहीं बल्कि पॉलिटिकल खरदूषणों का हाथ है।

बता दें कि दिवाली की अगली सुबह अलीपुर में एक्यूआई 353, आनंद विहार में 395, अशोक विहार में 387, बवाना में 392, बुराड़ी क्रॉसिंग में 395, चांदनी चौक में 395, मथुरा रोड में 371, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 372, आईजीआई एयरपोर्ट में 375, आईटीओ में 334, जहांगीरपुरी में 390, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 343, लोधी रोड में 314, मुंडका में 374, नजफगढ़ में 329, नेहरू नगर में 385, नॉर्थ कैंपस में 390, द्वारका में 352, ओखला फेज 2 में 369, पंजाबी बाग में 392, शादीपुर में 388, सोनिया विहार में 395, श्री अरबिंदो मार्ग में 314 और वजीरपुर में 389 रहा।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, मुझे लगता है की दीपावली में पटाखों का प्रदूषण देखने को नहीं मिला है। लेकिन पटाखों के प्रदूषण से ज्यादा पॉलिटिकल खरदूषणों का हाहाकार, हंगामा जरूर देखने को मिला है। प्रदूषण के नाम पर पॉलिटिकल हंगामा होगा तो निश्चित तौर पर दिल्ली के लोगों में भ्रम पैदा होगा। लेकिन, दिल्ली के लोग काफी समझदार हैं और उन्हें पता है कि पर्यावरण साफ होना चाहिए। दिल्ली में जो लोग हवा खराब करने की कोशिश करते हैं उन्हें भी लोग बाहर करना जानते हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, कोई भी व्यक्ति हार से प्रेरित अवसाद की स्थिति में विफलता को सही ठहराने के प्रयासों को स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के साथ समस्या यह है कि वे हार के अवसाद के कारण विफलताओं को सही ठहराने की कोशिश करते हैं। वे नरेंद्र मोदी के समर्पण की ताकत और उनके प्रयासों के परिणामों को पहचानने में विफल रहते हैं, जिन्होंने सभी प्रकार के विरोध और भ्रम के बावजूद समाज के लिए समावेशी सुधार लाए। कांग्रेस को यह भी समझना चाहिए कि पीएम मोदी किसी शक्तिशाली परिवार से नहीं आए हैं, बल्कि कड़ी मेहनत से उभरे हैं। वह एक ऐसी ताकत जिसे दुनिया भर में मान्यता मिली है।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



नई दिल्ली । सब्जी मंडी थाना पुलिस टीम ने एक शराब तस्कर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रवि कुमार है। पुलिस ने इसके पास से 115 क्वार्टर बोतलें बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बॉठिया ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राम मनोहर की देखरेख में गठित टीम त्योहारों के चलते 30 अक्तूबर को शाम के समय गश्त करते हुए कबीर बस्ती, कूड़ा घर, सब्जी मंडी, दिल्ली के पास के पहुंची, उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति अपने कंधे पर सफेद रंग का प्लास्टिक का थैला लिए हुए कबीर बस्ती की ओर जा रहा था, पीछा कर टीम ने उसे पकड़ लिया और जिसके प्लास्टिक बैग 115 क्वार्टर बोतलें बरामद की गईं पकड़ा गया आरोपी रवि कुमार है।

सम्पादकीय

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए ह्यहिंदू एकताह्ल के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यबंटोगे तो कटोगेह्ल बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। ह्ल उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्न ों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यलड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें।

# मिलावटखोरों को फांसी की सजा से रुकेगी मिलावटखोरी

आजकल त्योहारों का सीजन जोरों पर है' मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर बेखौफ होकर नकली मिठाई बेच रहे हैं प्रशासन मिलावट करने वालो पर शिकंजा कस रहा है 'देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं' मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं 'मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये 'त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं ' पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है 'प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं ' प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों से बनी नकली मिठाई नस्ट की जा रही है ' मिठाईयों में कॉकरोच मिल रहे हैं तो कहीं और जीव जंतु मिल रहे हैं ' मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है ' ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए ' देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है ' कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं ' त्यौहारी सीजन में नकली दूध, पनीर, मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं ' मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है 'खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है ' वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है ' नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं ' मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं ' प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं ' ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं ' नकली दूध से नवजात बच्चे बीमार हो रहे हैं और मारे जा रहे हैं ' आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ' ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके ' प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके ' यह बहुत ही घिनौना जुर्म है ' ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये ' काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके ' खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए ' यह देश हित में है ' देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके। ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें। खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन मिलावट के माफियों का साम्राज्य खत्म किया जा सके। अभी समय है फिर पछतानें कि सिवाय कुछ नहीं होगा। मिलावट माफिया का सफाया करना होगा ताकि विश्व गुरु की साख पर दाग न लग सके। देश में फैलते मिलावट माफिया के लोगों के इस जाल को काटना समय की पुकार है यदि लोगों ने कोई कदम न उठाए तो भारत में चरस माफिया की जडें इतनी फैल जाएगी कि इन्हे काटना बेहद मुशिकल हो जाएगा। अगर अब भी लापरवाही बरती तो यह कारोबार निर्बाध चलता रहेगा। मिलावट करने वालों नागों का फन कुचलना होगा। ऐसे आपरेशन होते रहने चाहिए ' मिलावखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती है।

# भगवान चित्रगुप्त यमलोक में रखते हैं प्राणियों के पाप-पुण्य का लेखा- जोखा

**सभी देवी देवता जैसे ही राजतिलक से लौटे, तो पाया की स्वर्ग और नरक के सारे काम रुक गये हैं, प्राणियों का लेखा-जोखा ना लिखे जाने के चलते ये तय कर पाना मुश्किल हो रहा था की किसको कहाँ भेजे। तब गुरु वशिष्ठ की इस गलती को समझते हुए भगवान राम ने अयोध्या में भगवान विष्णु द्वारा स्थापित भगवान चित्रगुप्त के मंदिर (श्री अयोध्या महात्मय में भी इसे श्री धर्म हरि मंदिर कहा गया है धार्मिक मान्यता है कि अयोध्या आने वाले सभी तीर्थयात्रियों को अनिवार्यतः श्री धर्म-हरि जी के दर्शन करना चाहिये, अन्यथा उसे इस तीर्थ यात्रा का पुण्यफल प्राप्त नहीं होता) में गुरु वशिष्ठ के साथ जाकर भगवान चित्रगुप्त की स्तुति की और गुरु वशिष्ठ की गलती के लिए क्षमायाचना की।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

संसार के सभी प्राणियों का पाप और पुण्य का लेखा-जोखा रखने के लिए भगवान चित्रगुप्त यमलोक में विराजमान हैं। महाराज यमराज मृत्यु के उपरांत प्राणियों के कर्मों के अनुसार, दण्ड निर्धारित करते हैं और उसके बाद हीं, उसके लिए स्वर्ग-नर्क का दरवाजा खोला जाता है। प्राणियों को मृत्यु के उपरांत यह दंड महाराज चित्रगुप्त के लेखा-जोखा के आधार पर दिया जाता है। भगवान चित्रगुप्त प्रमुख हिन्दू देवताओं में एक हैं। वेदों और पुराणों के अनुसार धर्मराज श्री चित्रगुप्त जी महाराज अपने दरबार में प्राणियों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा करके महाराज यमराज को बताते हैं और उसी के अनुसार न्याय होता हैं। आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि हमारे मन में जो भी विचार आते हैं वे सभी चित्रों के रुप में होते हैं। भगवान चित्रगुप्त इन सभी विचारों के चित्रों को गुप्त रूप से संचित करके रखते हैं और अंत समय में ये सभी चित्र दृष्टिपटल पर रखे जाते हैं और इन्हीं के आधार पर जीवों के पारलोक व पुनर्जन्म का निर्णय सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश भगवान चित्रगुप्त ही करते हैं। विज्ञान ने यह भी यह सिद्ध किया है कि मृत्यु के पश्चात जीव का मस्तिष्क कुछ समय तक कार्य करता रहता है और इस दौरान जीवन में घटित प्रत्येक घटना के चित्र मस्तिष्क में चलते रहते हैं। इसे हजारों बर्षों पूर्व हमारे वेदों में लिखा गया है। शनि देव जिस प्रकार सृष्टि के प्रथम दण्डाधिकारी हैं, उसी प्रकार भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश है। मनुष्यों की मृत्यु के पश्चात, पृथ्वी पर उनके द्वारा किए गये कार्यों के आधार पर उनके लिए स्वर्ग या नरक का निर्णय लेने का अधिकार भगवान चित्रगुप्त के पास है, अर्थात किसे स्वर्ग मिलेगा और किसे नरक। भगवान चित्रगुप्त भारत [आर्यावर्त] के कायस्थ वंश के जनक देवता हैं। कायस्थ भगवान चित्रगुप्त के वंशज है। भगवान कायस्थ धर्मराज श्री चित्रगुप्त जी महाराज द्वारा पाप-पुण्य के निर्णय के अनुसार ही, न्यायकर्ता महाराज यमराज भी, पालन करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा की कई संताने हुई थी, जिनमें ऋषि वशिष्ठ, नारद और अत्री जो उनके मन से पैदा हुए थे और उनके शरीर से पैदा होने बाले पुत्र में, धर्म, भ्रम, वासना, मृत्यु और भरत सर्व विदित है, लेकिन भगवान चित्रगुप्त के जन्म अवतरण की कहानी भगवान ब्रह्मा जी के अन्य बच्चों से कुछ भिन्न है। भगवान चित्रगुप्त का जन्म भगवान ब्रह्मा जी के काया (शरीर) से हुआ है, इसलिये भगवान चित्रगुप्त को कायस्थ जाति की संज्ञा से नामित किया गया है। भगवान चित्रगुप्त के 12 पुत्र थे। भगवान चित्रगुप्त की दो पत्नी थी। पहली पत्नी देवी शोभावती थी, जिससे 8 पुत्र और दूसरी पत्नी देवी नंदिनी थी, जिससे 4 पुत्र हुए थे। इस प्रकार भगवान चित्रगुप्त के कुल 12 पुत्र है। इन पुत्रों को भानु (श्रीवास्तव), विभानु (सूरजध्वज), विश्वभानु (निगम), वीर्यभानु (कुलश्रेष्ठ), चारु (माथुर), सुचारु (गौद), चित्र (चित्राख्य/भटनागर), मतिभान (हस्तीवर्ण/सक्सेना), हिमवान (हिमवर्ण/अम्बष्ट), चित्रचारु (कर्ण), चित्रचरण/चारुस्त (अष्टाना) और अतीन्द्रिय (जितेंद्रिय/बाल्मिकी) नाम से नामित किया गया है। भगवान चित्रगुप्त के इन 12 पुत्रों का विवाह नागराज वासुकी की 12 कन्याओं से हुआ था जिससे कायस्थों की ननिहाल नागवंशी है। माता दक्षिणा नंदिनी के 4 पुत्र भानु (श्रीवास्तव), विभानु (सूरजध्वज), विश्वभानु (निगम), वीर्यभानु (कुलश्रेष्ठ) कश्मीर में जाकर बसे तथा ऐरावती शोभावती के 8 पुत्र गौड़ देश के आसपास बिहार, ओडिशा तथा बंगाल में जा बसे। बंगाल उस समय गौड़ देश कहलाता था। भारत के कश्मीर में दुर्लभ बर्धन कायस्थ वंश, काबुल और पंजाब में जयपाल कायस्थ वंश, गुजरात में बल्लभी कायस्थ राजवंश, दक्षिण में चालुक्य कायस्थ राजवंश, उत्तर भारत में देवपाल गौड़ कायस्थ राजवंश तथा मध्यभारत में सतवाहन और परिहार कायस्थ राजवंश सत्ता में रहे थे। भाईदूज के दिन भगवान चित्रगुप्त की जयंती मनाया जाता है। इस दिन कलम- दवात की पूजा (कलम, स्याही और तलवार पूजा) की जाती है। कायस्थ लोग 24 घंटे के लिए कलम-दवात का उपयोग नहीं करते हैं, क्योंकि इसके पीछे भी कहानी है कि जब भगवान राम के राजतिलक में भगवान चित्रगुप्त का निमंत्रण छुट गया था, जिसके कारण भगवा-चित्रगुप्त ने नाराज होकर कलम रख दी थी। उस समय परेवा काल शुरू हो चुका था। इसलिए परेवा के दिन कायस्थ समाज कलम का इस्तेमाल नहीं करते हैं यानि किसी भी तरह का हिसाबझ्किताब, लेखा-जोखा नही करते है। किवदंतियां यह भी है कि जब भगवान राम, दशानन रावण को मार कर अयोध्या लौट रहे थे, तब उनके खडाऊं को राजसिंहासन पर रखकर राज्य चला रहे राजा भरत ने गुरु वशिष्ठ को भगवान राम के राजतिलक के लिए सभी देवी देवताओं को सन्देश भेजने की व्यवस्था करने को कहा। गुरु वशिष्ठ ने ये काम अपने शिष्यों को सौंप कर राजतिलक की तैयारी शुरू कर दी। राजतिलक में सभी देवी देवता आ गए, लेकिन भगवान चित्रगुप्त दिखाई नहीं दिए, तब भगवान राम ने अपने अनुज भरत से पूछा भगवान चित्रगुप्त नहीं दिखाई दे रहे है, तब पता चला की गुरु वशिष्ठ के शिष्यों ने भगवान चित्रगुप्त को निमत्रण पहुंचाया ही नहीं था, जिसके चलते भगवान चित्रगुप्त नहीं आये। इधर भगवान चित्रगुप्त सब जान चुके थे और इसे प्रभु राम की महिमा समझ रहे थे।

# 02 नवम्बर पर विशेष : गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा

**इन्द्र कृष्णा की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रिंत करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें। इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक**

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं। गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैः कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।। इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है। वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है। गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं। कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्धन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया।

# समावेशी विकास के लिए ग्रामीण भारत का डिजिटल रूपांतरण

**प्रियंका सौरभ**

ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के लिए डिजिटल पहुंच और आर्थिक विकास को बढ़ावा, 4,740 डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे पूरे भारत में डीआईसीएससी की स्थापना, पीलीभीत और गोरखपुर अग्रणी हैं जहां लगभग 2000 केंद्रों के साथ डीआईसीएससी परियोजना शुरू की जाएगी गांवों में हाई-स्पीड इंटरनेट और आवश्यक ई-गवर्नेंस, वित्तीय, शिक्षा और टेलीमेडिसिन सेवाएं बेहतर करने पर काम किया जाएगा ग्रामीण भारत में डिजिटल कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि डिजिटल सेवाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचें, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पीलीभीत और गोरखपुर से डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केंद्र (डीआईसीएससी) परियोजना शुरू कर रहा है। इस पहल से 10 जिलों की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में एक मॉडल डीआईसीएससी केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे देश भर में कुल 4,740 केंद्र बनेंगे। भारत भर में डीआईसीएससी विशेष रूप से, पीलीभीत में 720 डीआईसीएससी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जबकि गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में 1,273 केंद्र होंगे। अन्य स्थानों पर महाराष्ट्र में पुराना औरंगाबाद, छत्रपति संभाजीनगर में 870 केंद्र, हिमाचल प्रदेश के चंबा में 309, तेलंगाना के खम्मम में 589, गुजरात के गांधीनगर में 288, मिजोरम के ममित में 100, राजस्थान के जोधपुर में 415, लद्दाख के लेह में 95 और पुदुचेरी में 81 डीआईसीएससी केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों के कार्यान्वयन और केंद्रीकृत तकनीकी निगरानी का प्रबंधन सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

इकतीस करोड़ साठ लाख अट्ठासी हजार (31.6088 करोड़) के बजट वाली यह परियोजना शुरूआत में छह महीने तक चलेगी और इस अवधि को नौ महीने तक बढ़ाया जा सकता है। प्राथमिक लक्ष्य ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय और वाणिज्यिक सेवाओं के साथ-साथ आवश्यक ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रदान करने वाला एक एकीकृत मंच बनाना है। पीलीभीत में सीएससी केंद्र आधार पंजीकरण, बैंकिंग, वित्तीय नियोजन, टेली-लॉ, टेलीमेडिसिन, शिक्षा और ई-कॉमर्स सहायता सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगे। उच्च गति इंटरनेट से विकास को बढ़ावा मिलेगा प्रत्येक सीएससी को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले सेवा केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को सशक्त बनाना, स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। यह पहल केंद्रीकृत तकनीकी निगरानी के माध्यम से पारदर्शी और टिकाऊ सेवा वितरण भी सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त, सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने और दूरदराज के क्षेत्रों में सीधे आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए जीपीएस-तकनीक सक्षम मोबाइल वैन तैनात की जाएंगी। इस व्यापक दृष्टिकोण से पीलीभीत और गोरखपुर दोनों में डिजिटल साक्षरता में उल्लेखनीय वृद्धि और सेवाओं तक पहुँच में सुधार होने की उम्मीद है। डीआईसीएससी परियोजना स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाएं प्रदान करके इन क्षेत्रों का आधुनिकीकरण करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल कार्यप्रणाली को लागू करके आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर, पीलीभीत और गोरखपुर की अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाना है और वहां व्यापक डिजिटल अर्थव्यवस्था में समन्वय करना है।

## जलापूर्ति बंद नहर से बालू का खनन बेरोकटोक जारी प्रशासन मौन, बांध पर खतरा मंडराया



प्रात: किरण, संवाददाता

आरा:प्राथमिक विद्यालय नारायण पूर की परिसर में नवयुवक संघ नाट्यकला मंच नारायण पूर कोईलवर के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा और शोक सभा का आयोजन किया गया, विदित हो कि नवयुवक संघ नाट्यकला नारायण पूर के अध्यक्ष मेघनाथ राय का असामयिक निधन हो गया, आज विद्यालय परिसर में शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभा किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश्वर प्रसाद मलाकार ने किया, संचालन उमेश कुमार सुमन सचिव नवयुवक संघ नारायण पूर ने किया, उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत मेघनाथ राय अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया, अपने वक्तव्य में उपस्थित नाट्यकला के सदस्यों ने मेघनाथ राय के बारे में विस्तार से जानकारी दी, सुमन ने कहा कि मेघ नाथ राय जी शिक्षा में, भले कम थे, लेकिन मृदुभाषी मिलनसार ,व्यक्तित्व के धनी थे, नाटक के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते थे, परिवार हो या समाज में एक अलग पहचान थीं, शोक सभा में मलाकार जगदीश राम ,सुमन प्रीतम कुमार, चेतन शर्मा, देव लाल कुमार, संजीत, जितेंद्र सोनी, सुनील कुमार, चंचल कुमार, संतोष कुमार, मुन्ना कुमार, अंकित, साहेब कुमार, विशाल कुमार, नीतेश कुमार, पिंटो, छोटे लाल, सहित अन्य कलाकार भी उपस्थित हुए(

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 25 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना।

जनता दरबार में लोगों की कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 25 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य, से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें रमेश कुमार केडिया, हंकारी देवी, मुकेश कुमार, प्रभावती देवी, ओमप्रकाश शर्मा, राजकुमार, रीमा देवी आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारीअमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता एस प्रतीक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छपरा अमृतसर छपरा पूजा विशेष गाड़ी का संचलन 05 से

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय । रेलवे प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05161/05162 छपरा-अमृतसर-छपरा वाया थावे,कप्तानगंज पूजा विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 05, 12 एवं 19 नवम्बर, 2024 प्रत्येक मंगलवार को तथा अमृतसर से 06, 13 एवं 20 नवम्बर, 2024 प्रत्येक बुधवार को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05161 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी 05, 12 एवं 19 नवम्बर, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को छपरा से 19.55 बजे प्रस्थान कर सीवान से 20.50 बजे, थावे से 21.28 बजे, तमकुही रोड से 22.05 बजे, पडरौना से 22.40 बजे, कप्तानगंज से 23.30 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 00.40 बजे, खलीलाबाद से 01.22 बजे, बस्ती से 01.50 बजे, गोंडा से 03.15 बजे, बुढ़वल से 04.22 बजे, सीतापुर से 05.55 बजे, बरेली से 09.10 बजे, मुरादाबाद से 10.53 बजे, सहारनपुर से 14.02 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 14.27 बजे, अम्बाला कैंट से 15.20 बजे, ढंडारी कलां से 16.55 बजे, जलंधर सिटी से 18.10 बजे तथा ब्यास से 18.45 बजे छूटकर अमृतसर 19.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में, 05162 अमृतसर-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 06, 13 एवं 20 नवम्बर, 2024 तक प्रत्येक बुधवार को अमृतसर से 22.45 बजे प्रस्थान कर ब्यास से 23.17 बजे, जलंधर सिटी से 23.58 बजे, दूसरे दिन ढंडारी कलां से 01.15 बजे, अम्बाला कैंट से 02.55 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 03.38 बजे, सहारनपुर 04.20 बजे, मुरादाबाद से 07.50 बजे, बरेली से 09.14 बजे, सीतापुर से 12.18 बजे, बुढ़वल से 14.42 बजे, गोंडा से 15.45 बजे, बस्ती से 17.15 बजे, खलीलाबाद से 17.50 बजे, गोरखपुर से 18.45 बजे, कप्तानगंज से 19.50 बजे, पडरौना से 20.42 बजे, तमकुही रोड से 21.15 बजे, थावे से 22.05 बजे तथा सीवान से 22.55 बजे छूटकर छपरा 23.55 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अरुण प्रकाश को मिला डीटीओ का प्रभार

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लेखा एवं योजना अरुण प्रकाश को जिला परिवहन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार डीएम दिनेश कुमार राय ने सौंपी है। वर्तमान डीटीओ ललन प्रसाद के लंबी छूटी पर चले जाने के कारण अरुण प्रकाश को जिम्मेवारी दी गई है। अरूण प्रकाश ने शुक्रवार को अपराह्न पदभार ग्रहण भी कर लिया है। उधर डीएम एडीएम एवं एसडीएम द्वारा डीटीओ कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया।

### डीएम और एसपी ने दिया समाधान करने का निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को कुल 17 आवेदकों से प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायत के संबंध में 13 आवेदकों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अंचलाधिकारियों एवम् थानाध्यक्षों के साथ भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई तथा सभी मामलों को अविलंब निष्पादित करने हेतु आवश्यक निदेश दिया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रात: किरण, संवाददाता



परसा।थाना क्षेत्र के बहर माड़र गांव में एक महिला ने फांसी लागकर आत्म हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।घटना पर पुलिस पहुँच घटना की जानकारी लिया।और शव को कब्जे में कर हॉस्पिटल लाया।मृतक महिला की पहचान संदीप सिंह की 35 बर्षीय पत्नी मुन्नी देवी बताई जाती है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला को पति से कई दिनों से अनबन चल रहा था।दीपावली की रात्रि दीप जलाकर पति पत्नी अलग अलग कमरे में सो गया।और सुबह में पति उठकर देखा तो पत्नी साड़ी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है।आनन फानन में शव को फाँसी से उतारकर घर में रखा गया।घटना की सूचना मिलते ही मायके सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के मानुपुर पिता गोपाल सिंह समेत सभी परिवार घर पहुँच।घटना की जानकारी लिया।और पुलिस को सूचना दिया।मृतक महिला को दो पुत्र है।जो एक 6 बर्ष का नंदलाल कुमार तथा एक 14 माह का नव जात शिशु है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।पुलिस कानूनी करवाई में जुटी है।

### 91 लीटर शराब बरामद, एक शराबी गिरफ्तार

बिक्रमगंज ( रोहतास) : कछवां थाना क्षेत्र के दनवार सिंचाई विभाग बंगाल के समीप एक बाइक से स्थानीय पुलिस ने 91 लीटर देसी शराब के साथ बाइक जप्त किया। धंधा में संलिप्त धंधेबाज भागने में सफल रहा। वही दरबार गांव से ही पुलिस ने एक शराबी को शराब के नशे में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति चितरंजन सिंह बताया जा रहा है। जो शराब पीकर गांव में हल्ला मचा रहा था।

## बगहा भैरोगंज स्टेशन के बीच युवक का शव मिलने से परिजनों में मातम पसरा

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में भैरोगंज रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 268/6 के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान भैरवगंज थाना क्षेत्र के भैरवगंज बाजार निवासी रामबालक राम के पुत्र पप्पू राम (40) के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि पप्पू राम कल शाम अचानक घर से कहीं चले गए थे, जिसके बाद से परिवार उनके लापता होने के कारण चिंतित था और उनकी तलाश में जुटा हुआ था। सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास एक शव के पड़े होने की सूचना दी। इस सूचना पर पप्पू के परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। पप्पू राम की मृत्यु से परिजनों में गहरा शोक है, वहीं उनके अचानक निधन को लेकर क्षेत्र में भी अटकलों का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही भैरवगंज थाना अध्यक्ष महेश कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि मौत के कारणों का सटीक पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना की पृष्ठभूमि को समझा जा सके। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह मामला दुर्घटना का है या इसमें किसी प्रकार का षड्यंत्र छिपा हो सकता है।पप्पू राम की मौत के बाद उनके परिवार में मातम का माहौल है।

# पैक्स निर्वाचन को लेकर प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों एवं निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, बिहार, पटना द्वारा प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सारण जिला के 277 फैक्सों का निर्वाचन 05 चरणों में संपन्न कराया जाएगा।

पैक्स निर्वाचन के प्रथम चरण में मढ़ौरा, अमनौर, तरैया, मकेर एवं लहलादपुर प्रखंड में 26 नवंबर , द्वितीय चरण में इसुआपुर, मशरख, पानापुर, गड़खा एवं रिविलगंज प्रखंड में 27 नवंबर को मतदान होगा।

तृतीय चरण में सोनपुर, दरियापुर, परसा एवं बनियापुर प्रखंड में 29 नवंबर , चौथे चरण में मांझी, एकमा, जलालपुर एवं नगरा प्रखंड में 01 दिसंबर एवं पंचम चरण में छपरा सदर एवं दिघवारा प्रखंड में 3 दिसंबर को मतदान होगा। सभी चरणों में पैक्स निर्वाचन के उपरांत उसी दिन अथवा उसके अगले दिन मतगणना कार्य संपन्न करा लिया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0) द्वारा पैक्स चुनाव को स्वच्छ, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर 17 कोषांगों का गठन किया गया है।

आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) -सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं पैक्स निर्वाचन पदाधिकारियों (प्रखंड विकास पदाधिकारी) के साथ बैठक किया।

मतदान एवं मतगणना हेतु लगभग 5 हजार कर्मियों की आवश्यकता है। कार्मिकों का डेटाबेस एनआईसी में तैयार कर प्रथम नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।

सभी मतदान एवं मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 4 एवं 5 नवंबर को निर्धारित है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सभी कार्मिकों का टेस्ट लिया जायेगा जिसके लिये प्रश्नोत्तरी तैयार करने को कहा गया।

प्रत्येक मतदानकेन्द्र पर मतपेटियों की आवश्यकता के हिसाब से मतपेटियों का तैलीकरण एवं अन्य तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

वाहनों की आवश्यकता का आकलन पूर्व में ही सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सेक्टर दंडाधिकारी एवं पीसीसीपी बनाने हेतु तैयारी करने को कहा गया। अन्य सभी कोषांगों को समयबद्ध ढंग से अपने आवंटित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। पैक्स निर्वाचन के लिए निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड स्तर पर भी सभी आवश्यक कोषांगों का गठन सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता,बंदोबस्त पदाधिकारी,नगर आयुक्त, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

## डीएम ने सोनपुर मेला के आयोजन को लेकर विभिन्न कोषांगों के साथ की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2024 का उद्घाटन 13 नवंबर को प्रस्तावित है। यह मेला 14 दिसंबर तक चलेगा। इस मेले के सफल अयोजन को लेकर जिलाधिकारी द्वारा 14 अलग अलग कोषांगों का गठन किया गया है। मेला से संबंधित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने आज विभिन्न कोषांगों के साथ बैठक किया।बताया गया कि पर्यटन विभाग द्वारा अंतर विभागीय बैठक के उपरांत मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों के लिए तिथियां का निर्धारण कर दिया गया है। 32 दिन के मेले में 6 दिन पर्यटन विभाग द्वारा, 12 दिन कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा, 11 दिन जिला प्रशासन सारण द्वारा, दो दिन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तथा एक दिन अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।पर्यटन विभाग के सौजन्य से 13, 16, 17, 24 नवंबर तथा 13 एवं 14 दिसंबर को प्रस्तुति दी जाएगी। कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से 14, 22, 23, 27, 30 नवंबर, 1,4, 5,7,8,11 एवं 12 दिसंबर को प्रस्तुति दी जायेगी। 28 एवं 29 नवंबर को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से प्रस्तुति होगी। 18 नवंबर को अपराध अनुसंधान विभाग के सौजन्य से प्रस्तुति होगी। शेष तिथियों को जिला प्रशासन सारण के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के स्तर से किए जाने वाले कार्यों के निविदा का निष्पादन हो चुका है तथा संबंधित एजेंसी अपना कार्य शुरू कर चुकी है।

जिलाधिकारी ने इस मेल में पुस्तक मेला के आयोजन साहित्यकारों की गोष्ठी का आयोजन के लिए भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों के माध्यम से परिचर्चा का भी आयोजन कराया जाएगा। गंगा आरती का आयोजन भव्य स्वरूप में किया जाएगा इसके लिए भी कार्रवाई की जा रही है। पेंटिंग प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन कराया जाएगा सभी कार्यों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी गई है सभी संबंधित पदाधिकारी को योजनाबद्ध ढंग से कार्यों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

## डीएम ने समाहरणालय परिसर का किया भ्रमण अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान सभी कार्यालयों का संचालन सुचारू पाया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालयों का संचालन निर्धारित समयावधि के तहत अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी अधिकारी एवं कर्मी नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि सूचना भवन अवस्थित पालना घर का संचालन नियमित रूप से की जाय। साथ ही विभागीय दिशा-निर्देश के अनुरूप अधिकारियों एवं कर्मियों के बच्चों को सुविधाएं प्रदान की जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समाहरणालय परिसर में अनाधिकृत वाहन प्रवेश नहीं करें, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। साथ ही सुव्यवस्थित तरीके से वाहनों को पार्क कराना सुनिश्चित किया जाय।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दीपावली की खुशी गम में बदला



लहलादपुर। जनता बाजार थाना क्षेत्र के कटेयाँ गांव के तिवारी टोला का दीपावली गम में बदल गया. घर की साफ-सफाई करने के दरम्यान एक 25 वर्षीय युवक की मौत विद्युत स्पर्श से हो गईं. मृतक कटेयाँ गांव निवासी राजदेव तिवारी का सबसे छोटा पुत्र धूमन तिवारी बताया जाता है. परिजनों के अनुसार वह सफाई करते समय टेबल फैन से स्पर्श कर गया और वही उसके मौत का कारण बन गया. टेबल फैन में विद्युत का करेंट शायद बाहरी हिस्सा में था. ग्रामीणों की मानें तो मृतक काफी हंसमुख और समाजसेवी था. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ वर्षों पूर्व मृतक से बड़े भाई की भी मौत सर्पदंश से हो गईं थी.मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था. उनके दो बड़े भाई दिल्ली में रहकर जॉब करते हैं, जो अपने छोटे भाई की मौत सुनकर घर पहुंच गये. युवा अवस्था में मौत से सभी परिजन मर्माहत हो गये हैं. अपने जीवन काल में अपने सामने दो-दो पुत्रों की मौत ने मृतक के पिता को झकझोर दिया है.

## परसा थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का हुआ आयोजन



परसा। थाना परिसर में गुरुवार को दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ समरोह का हुआ आयोजन.कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने किया.कार्यक्रम के दौरान सभी थाना के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली.थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना है.उन्होंने सभी से अपील की कि वे समाज में भाईचारा और शांति सौहार्द का माहौल बनाए रखें.सभी ने एकता बनाए रखने के संकल्प के साथ इस समारोह का समर्थन किया।

## कांग्रेस ने मनाया सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । शुक्रवार को सारण जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में कॉग्रेस भवन, छपरा में भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, आयरन लेडी इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि धुम-धाम से मनाई गयी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि ये दोनो नेता भारत के सच्चे सपूत थे इनके देश के प्रति योगदान,निष्ठा एवं त्याग को कभी भुलाया नही जा सकता ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज देश की जो भौगोलिक स्थिति दिखाई दे रही है। उसमें सरदार पटेल की अहम भूमिका है ' इन्होंने ने कहा कि स्व० इंदिरा गाँधी का नेतृत्व विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी थी। उनके समय मे भारत को कोई देश आख नही दिखाया । अन्होंने अपने प्रखर नेतृत्व के बल पर पकिस्तान के दो दुकड़े कर दिए थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करने वालो में पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह भरद्वाज, मिडिया प्रभारी डा० शंकर चौधरी, सुबोध जयसवाल, केदार नाथ सिंह, परशुराम त्रिपाठी, पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष शिवपुजन राय, राम स्वरूप राय, धमेंद्र कुमार धर्म, संदीप रौशन, मालिक यादव, अकरब कुरैशी, ब्रजेश कुमार सिंह, मसुदन रविदास, आयुष कुमार, हरिहर राय एवं मो० मुस्तकीम खान आदि प्रमुख थे।

## दो गांवों में दीपावली की खुशियां मातम में बदली जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। दीपोत्सव के त्यौहार कीं खुशियाँ ठाकराहाँ और चौतरवा के दो गांवों में अचानक मातम में तब्दील हो गईं हैं। मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन कीं टीम दोनों घटना कीं जाँच समेत आगे कीं कार्रवाई में जुटी है ।

दरअसल दीपावली की दीप से अचानक लगी भीषण आग के बाद चौतरवा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ इलाके में अफरा तफरी मच गई, जानकारी के मुताबिक पेट्रोल डीजल दुकानदार बुधसागर साह की स्टॉक किये गए दुकान समेत मकान में लगी आग की भयावह लपटों को देख भगदड़ मच गई हालांकि कुछ लोगों ने फौरन हिम्मत जुटाई और माटी, बालू व पानी भरे बाल्टी से आग बुझाने में जुट गए तो वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने ग्रामीणों की सहयोग से कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया ।

इधर आग में झुलसे दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वहीं दूसर घटना उतर प्रदेश सीमा पर स्थित ठाकराहाँ थाना क्षेत्र की है जहां भतहवा गाँव में चाइनीज लाइट डेकोरेशन करने के दौरान एक व्यक्ति हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद गाँव में चित्कार और कोहराम मच गया । इन दोनों अगलगी की घटनाओं में जान माल समेत लाखों का नुकसान पहुंचा है जिसके बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है ।

## होटल विहार के कैंटीन के संचालन के लिए किया गया अनुमोदन

बगहा। वनप्रमण्डल 2 के वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन केंद्र द्वारा संचालित कैंटीन के संचालन के लिए दूसरी बैठक में कोशिश की गई।बतादें की इस बैठक से पूर्व वन विभाग के वन सभागार में पहले भी बैठक की गई थी जिसमे दरुआबारी,सन्तपुर और वन विभाग के आलाधिकारियों ने बैठक में शामिल हुए थे जिसमे कोई निर्णय नहीं निकल सका था। बतातें चलें कि इको विकास समूह सन्तपुर के द्वारा वाल्मीकिनगर स्थित जंगल कैम्प पर्यटन कैंटीन का संचालन किया जा रहा है लेकिन इस कैंटीन के एक वर्ष पूरे होने पर दरुआबारी इको विकास समूह के द्वारा कैंटीन का संचालन करने की मांग की जाने लगी ।लेकिन वन विभाग सन्तपुर को अनुभव के आधार पर आगे भी संचालन की बात कही है जिसपर दरुआबारी इको विकास समिति को यह बात मंजूर नहीं ।इस लिए वन विभाग ने होटल विहार के बंद पड़े कैंटीन को दुबारा ओपन कर दरुआबारी इको विकास समिति को संचालन हेतु देने के लिए दोनों समूहों के साथ बैठक कर दरुआबारी इको विकास समिति से आवेदन लिया है।प्रशिक्षु डिएफओ स्टॅलिन फीडरेल ने बताया कि होटल विहार के कैंटीन को फिर से ओपन किया जा रहा है जिसके संचालन के लिए दरुआबारी इको विकास समूह के नाम इस बैठक में अनुमोदित कर विभाग के वरीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। इस तरह गत बैठकों से चला आ रहा गतिरोध दूर करने की कोशिश की जा रही है।इस मौके पर डीएफओ स्टालिन फीडरेल, रेंजर राजकुमार पासवान,वनपाल आशीष कुमार समेत दरुआबारी,संतपुर इको विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य समेत कई वन कर्मी शामिल थे।

## काला बाजारी के लिए जा रही 50 बोरी चावल को पुलिस ने किया जब्त

प्रात: किरण, संवाददाता



एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पारसा गढ़ बजार के बैंक आफ इंडिया के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने एस आई मुकुल कुमार व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जप्त कर लिया गया। थाना अध्यक्ष ने जप्त कर थाने लाया गया। थाना अध्यक्ष ने इसकी जानकारी एम ओ अंकित कुमार को दिया जिसपर एम ओ जनवितरण प्रणाली के संचालक बिंदालाल के रामपुर पंचायत के विशुनपुरा कल्ला गांव निवासी रणधीर सिंह पिकअप वैन के चालक थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव निवासी झंगरू यादव के पुत्र राजू यादव पारसा गढ़ बजार निवासी पालदार पप्पू यादव व छोटू साह को अभियुक्त बनाया है ।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक सहित दो पालदार को जेल भेज दिया। वहीं डीलर फरार होने में सफल रहा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 02 नवंबर, 2024






## संक्षिप्त समाचार

### 45 साल का रेकॉर्ड तोड़ने की तरफ बढ़ रहा सोना, इस साल आ चुकी है 34 प्रतिशत तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की उड़ान लगातार जारी है। इस साल सोने की कीमत में अब तक 34 फीसदी तेजी आई है। यह 1995 के बाद सोने की कीमत में आई सबसे ज्यादा तेजी है। इस साल अब तक सोना 41 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच चुका है। इससे पहले 2011 में सोना 34 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था। इतिहास में पहली बार सोने की कीमत 2,800 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंची है। अगर महंगाई को एडजस्ट किया जाए तो सोना 1970 के दशक के बाद उच्चतम स्तर पर ट्रेड कर रहा है। सोना 1979 के बाद सबसे बेहतर सालाना प्रदर्शन की ओर बढ़ रहा है। 45 साल पहले सोना 120 फीसदी उछला था। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों को लेकर बढ़ रही अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में संकट के कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद के महीने सोने की निकट अवधि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होंगे। भारत की बात करें तो ऐतिहासिक रूप से त्यौहारी सीजन के दौरान सोने की मांग में उछाल आता है। इस साल दिवाली के साथ अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और फेडरल रिजर्व की इस साल आखिरी नीति बैठक भी हो रही है। जानकारों का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपये तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना गुरुवार को 13 रुपये की मामूली तेजी के साथ 78443.00 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 79681.00 रुपये तक ऊपर गया। दिवाली से एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 1,000 रुपये के जबर्दस्त उछाल देखने को मिली और यह पहली बार 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 82,400 रुपये पर पहुंच गया।

### भारत में ऐपल का रेवेन्यू ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी ऐपल ने गुरुवार को अपना सितंबर तिमाही का रिजल्ट जारी किया। इस दौरान कंपनी ने 94.9 अरब डॉलर का रेकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किया जो बाजार के अनुमानों से बेहतर है। यह पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले छह फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी का आईफोन से रेवेन्यू 5.5 फीसदी बढ़कर 46.2 अरब डॉलर पहुंच गया। इसमें भारत की सबसे बड़ी भूमिका है। कंपनी ने भारत में ऑल-टाइम हाई रेवेन्यू हासिल किया है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि वह भारत में कंपनी की सफलता से काफी उत्साहित हैं और भारत में चार नए स्टोर खोलने का ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते। कुक ने कंपनी का रिजल्ट जारी होने के बाद अर्निंग्स कॉल में कहा, ऐपल भारत में अपने प्रदर्शन से बेहद उत्साहित है और भारत में कस्टमर्स के लिए चार नए स्टोर खोलने का ज्यादा इंतजार नहीं कर सकती। ऐपल ने पिछले साल भारत में दो स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले थे। कंपनी अब भारत में और चार स्टोर खोलने की तैयारी में है। ये स्टोर बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली और मुंबई में होंगे। भारत में आईफोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन देश में ऐपल के अब केवल दो ही स्टोर हैं। अमेरिका में इनकी संख्या 271, चीन में 47, यूके में 40 और कनाडा में 28 है। ऐपल ने हाल में लॉन्च आईफोन-16 के सारे वर्जन भारत में बनाना शुरू कर दिया है। यह पहला मौका है जब कंपनी भारत में आईफोन की पूरी लाइनअप का उत्पादन कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल कंपनी भारत से 10 अरब डॉलर के आईफोन का एक्सपोर्ट कर सकती है।

# अडानी ग्रुप की एक कंपनी के प्रोजेक्ट में कई बैंक रुचि दिखा रहे

■ इस प्रोजेक्ट का मुख्य ऋणदाता बैंक एसबीआई हिस्सा बेच रहा है ■ ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेट का यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की एक कंपनी के पीछे कई बैंक पड़े हैं। ये बैंक किसी खास कारण से अडानी ग्रुप की इस कंपनी के पीछे हैं। यह कंपनी कोई और नहीं, बल्कि अडानी ग्रुप की दुधारू गाय कहे जाने वाली अडानी एंटरप्राइजेज है। दो दिन पहले ही इस कंपनी के दूसरी तिमाही के नतीजे आए हैं। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 664 प्रतिशत की तेजी के साथ 1742 करोड़ रुपये रहा।

दरअसल, ये बैंक अडानी एंटरप्राइजेज के एक प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए इन बैंकों ने लोन को साझा करने की इच्छा जताई है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इन बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

### 20 हजार करोड़ के लोन की दी थी मंजूरी

अडानी ग्रुप पेट्रोकेमिकल्स डेब्यू करने जा रहा है। यह ग्रुप का ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस प्रोजेक्ट का प्रमुख ऋणदाता है। इस प्रोजेक्ट के लिए एसबीआई ने इस साल की शुरुआत में अडानी ग्रुप को 20 हजार करोड़ रुपये का लोन देने की मंजूरी दी थी।

एसबीआई अब इस लोन का एक बड़ा हिस्सा बेचने की सोच रहा है। इस साल की शुरुआत में एसबीआई ने 15 साल के लोन की कीमत 9.25 प्रतिशत रखी थी।

### क्या है प्रोजेक्ट ?

कंपनी का यह प्रोजेक्ट गुजरात के मुंद्रा में है। इसकी लागत 4 अरब डॉलर (करीब 34 हजार करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह प्रोजेक्ट पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) से जुड़ा है। 2 मिलियन टन पीवीसी का यह प्रोजेक्ट अडानी ग्रुप का पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में पहला कदम है। इससे भारत की प्लास्टिक पॉलीमर बनाने की क्षमता दोगुनी होने की उम्मीद है। इसका इस्तेमाल रेनकोट, तार, प्लास्टिक पाइप आदि चीजों के अलावा मेडिकल डिवाइस बनाने के लिए किया जाता है।

### एसबीआई को कुछ फायदा होगा ?

लोन बेचने से बैंक को किसी विशेष इकाई के लिए अपने जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही ग्रुप की अन्य कंपनियों को लोन देने की स्थिति में अपनी सीमाएं भी खोल देता है। एसबीआई लोन को मुंद्रा गुजरात में अडानी एंटरप्राइजेज की ओर से स्थापित किए जाने वाले ग्रीनफील्ड पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) प्लांट के लिए स्वीकृत किया गया था।

### बैंक क्यों दिखा रहे रुचि ?

जानकारों के मुताबिक अडानी ग्रुप का यह प्रोजेक्ट काफी बड़ा है। बैंकों के लिए इसका हिस्सा बनना दिलचस्प है क्योंकि यह एक हाई रेटेड क्रेडिट है। इस प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली चीजें, लोन की रकम और ग्रुप की क्रेडिट रेटिंग के कारण इतने सारे बैंक हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

पीवीसी के घरेलू विनिर्माण से भारत को आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। वहीं आर्थिक गतिविधि और उच्च बुनियादी ढांचे के खर्च से पीवीसी की मांग बढ़ने की उम्मीद है। अडानी को उम्मीद है कि प्रोजेक्ट का पहला चरण साल 2026 के अंत तक लागू हो जाएगा।

# दिवाली में हुआ रिकॉर्ड कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली में लोगों ने जमकर ख़रीदारी की। चारों ओर दीपों की जगमगाहट और रंग-बिरंगी सजावट ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। हालांकि कुछ हिस्सों में दिवाली कल मनाई जाएगी लेकिन इससे लोगों के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं है।

बाज़ारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के साथ साथ छोटा व्यापार करने वाले लोग जैसे कुम्हार, कारीगर एवं घरों में दिवाली का सामान बनाने वाले लोगों ने भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री की। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे देश में व्यापार में बड़ा इजाफा हुआ। इस साल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत भारतीय सामान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

**आज क्या बिके:** आज भी लोगों ने मिट्टी के दीये, लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा, घर की सजावट के सामान, वंदनवार, फूल-पत्तियां एवं पूजा का सामान, बिजली की रंगबिरंगी लड़ियां, मिठाई एवं नमकीन, कपड़े, हैंडिक्राफ़्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं, फुटवियर, मेकअप का सामान, कास्मेटिक्स, सोने चांदी के सामान और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग रही। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को काफी लाभ मिला।

**दिवाली में सवा चार लाख करोड़ का व्यापार:** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि इस वर्ष दिवाली त्योहार पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। यह अब तक का रिकॅार्ड व्यापार है। उनका कहना है कि इस बार लोगों ने चीनी उत्पादों को नकारते हुए पूरी तरह से भारतीय सामान को प्राथमिकता दी है। इससे व्यापारी उत्साहित हैं। अब देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से शुरू होने वाले शादियों के सीजन पर बड़े व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# ग्रीन एनर्जी सेक्टर के शेयरों ने किया मालामाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी की सब्सडयरी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी आईपीओ लेकर आ रही है। इसे बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। आईपीओ के जरिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। ग्रीन एनर्जी सेक्टर में यह पहली कंपनी नहीं है जो अपना आईपीओ लेकर आएगी। ग्रीन एनर्जी सेक्टर की काफी कंपनियों अभी तक अपने आईपीओ लेकर आ चुकी हैं। कुछ का प्रदर्शन शानदार रहा है तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाईं। ऐसे में सवाल है कि क्या एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी शेयर मार्केट की दुनिया में कमाल दिखा पाएगी? हालांकि यह तो इस कंपनी के आईपीओ आने और लिस्ट होने के बाद ही पता चलेगा।

**कैसा रहा है ग्रीन एनर्जी स्टॉक्स का प्रदर्शन?:** ग्रीन एनर्जी सेक्टर की काफी कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्ट हैं। इनमें अडानी ग्रीन एनर्जी से लेकर केपीआई एनर्जी और सुजलॉन तक शामिल हैं। हाल ही में वारी एनर्जीज का भी आईपीओ शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ है। इन कंपनियों का शेयर का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है।

**अदानी ग्रीन एनर्जी:** अडानी ग्रुप की यह कंपनी जून 2018 में शेयर मार्केट में लिस्ट हुई थी। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 30 रुपये थी। अब यह कीमत बढ़कर 1636 रुपये हो गई है। ऐसे में इस शेयर ने अब तक निवेशकों को करीब 5455 फीसदी रिटर्न दिया है।

**केपीआई ग्रीन एनर्जी:** यह शेयर अप्रैल 2022 में शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 88 रुपये थी। अब यह कीमत बढ़कर करीब 745 रुपये हो गई है। ऐसे में इसने करीब ढाई साल में निवेशकों को करीब 745 फीसदी रिटर्न दिया है।

ग्रीन एनर्जी सेक्टर स्टॉक्स में सुजलॉन भी बड़ा नाम है। यह काफी पुरानी कंपनी है। इसका आईपीओ शेयर मार्केट में अक्टूबर 2005 को लिस्ट हुआ था। उस समय इसके शेयर की कीमत करीब 124 रुपये थी। अभी 68 रुपये है। ऐसे में इसने अभी तक निवेशकों को करीब 45 फीसदी का नुकसान दिया है। हालांकि पिछले एक साल में इसने दोगुना मुनाफा दिया है। यानी इसका रिटर्न 100 से ज्यादा रहा है।

**ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड:** यह कंपनी भी काफी पुरानी है। इसके आईपीओ की लिस्टिंग अक्टूबर 2010 में हुई थी। उस समय इसके एक शेयर की कीमत करीब 41 रुपये थी। अब करीब 19 रुपये है। ऐसे में इसने अब तक निवेशकों को 50 फीसदी से ज्यादा नुकसान दिया है। हालांकि पिछले एक साल में इसका रिटर्न करीब 43 फीसदी रहा है।

## उपलब्धि: भारत सऊदी को पछाड़ सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना, यूरोप को प्रतिदिन 20 लाख बैरल क्रूड निर्यात...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सऊदी अरब को पीछे छोड़ते हुए यूरोप का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। केपलर की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय रिफाइनरियों से यूरोपीय देशों को रिफाइंड कच्चे तेल के निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत ने यूरोप को प्रतिदिन 3.60 लाख बैरल रिफाइंड क्रूड का निर्यात किया है। अनुमान है कि अगले साल अप्रैल तक यह आंकड़ा बढ़कर 20 लाख बैरल के पार हो सकता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के समय यूरोप को भारत प्रतिदिन 1.54 लाख बैरल ईंधन का निर्यात करता था।युद्ध शुरू होने पर यह बढ़कर दो लाख बैरल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों ने उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोल-डीजल व अन्य रिफाइंड उत्पादों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है। इससे उन्हें सऊदी अरब को पीछे छोड़ने का मौका मिला। भारत की यह स्थिति आने वाले समय में और मजबूत हो सकती है।?

भारत वित्त वर्ष 2023 में मॉस्को के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में उभरा, क्योंकि पश्चिमी प्रतिबंधों और यूरोप में शिपमेंट पर प्रतिबंध के मद्देनजर रूस ने कच्चे तेल पर भारी छूट दी। पश्चिमी आलोचना के बावजूद, भारत ने अपनी ऊर्जा मांग को रूसी तेल के माध्यम से पूरा करना जारी रखा है। यदि ऐसा नहीं किया गया होता, तो बढ़ती तेल कीमतों के कारण आयातित मुद्रास्फीति के परिणामस्वरूप भारत को गंभीर आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता। रूस अपने मूल्य के आधार पर भारत के लिए कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा। रूस से कच्चे तेल का आयात 3.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, इसके बाद सऊदी अरब 2.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर और इराक से 2.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। पश्चिम द्वारा लगाया गया 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल का मूल्य सीमा रूसी तेल राजस्व को सीमित करने और वैश्विक मूल्य विकार से बचने के लिए तेल के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए था।

## मालिक हो तो ऐसा, काम से खुश हुए तो गिफ्ट में दे दी एक करोड़ रुपये की घड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कहावत है, किसी का दिल खुश कर दो तो वह आपको कुछ भी भेंट कर देगा। ऐसा ही कुछ किया पंजाब के एक बिजनेसमैन गुरदीप देव बाथ ने। जी हां, वह पंजाब के जीरकपुर में अपनी कोठी या कहें हवेली बनवा रहे थे। ठेकेदार ने उनका काम लगन से किया और समय पर क्वालिटी वर्क डिलीवर किया। बाथ ने जब अपना मकान देखा तो उनका दिल बाग-बाग हो गया। फिर क्या था, उन्होंने ठेकेदार को एक करोड़ रुपये की रोलेक्स घड़ी ईनाम में दे दी।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक गुरदीप देव बाथ पंजाब के जीरकपुर में नौ एकड़ क्षेत्र में अपनी कोठी बनवा रहे थे। इसे कोठी नही, एक छोटा-मोटा किला भी कह सकते हैं। इसे बनाने का जिम्मा रजिंदर सिंह रोपड़ा को दिया गया था। उन्होंने पारंपरिक राजस्थानी शैली में किले का निर्माण महज दो साल में कर दिया। इस किले को देखते हुए गुरदीप सिंह खिल उठे। फिर क्या था, उन्होंने वह तोहफा दे दिया जो कोई सोच भी नहीं सकता है।

**क्या दिया तोहफे में:** गुरदीप सिंह बाथ ने पंजाब के शाहकोट निवासी ठेकेदार रजिंदर सिंह को रोलेक्स की एक घड़ी तोहफे में दी। यह घड़ी 18 कैरेट सोने में बनी है। इसकी कीमत एक करोड़ रुपये है, जिसे दुनिया भर के अमीर-उमरा ही पहन सकते हैं।

**दो साल में पूरा कर दिया प्रोजेक्ट:** जीरकपुर में गुरदीप सिंह की जो विशाल हवेली का निर्माण किया गया है, उसे बनाने में दो साल लगे। वह भी तब जबकि उसमें 200 से ज़्यादा मज़दूरों ने रोज़ाना काम किया। गुरदीप का कहना है कि यह सिर्फ़ एक मकान नहीं, बल्कि भव्यता का प्रतीक है। इस कालातीत सुंदरता को दर्शाने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि समय पर काम पूरा करने की प्रतिबद्धता और हर पहलू पर ध्यान देने में ठेकेदार ने उन्हें हैरान कर दिया।

**कौन हैं आर्किटेक्ट:** इस रिपोर्ट के मुताबिक गुरदीप सिंह के इस प्रोजेक्ट के आर्किटेक्ट रणजोध सिंह हैं। इस कोठी में विशाल हॉल, बगीचे और कई वास्तुशिल्प तत्वों को शामिल किया गया है। उनका कहना है कि इतने बड़े और परिष्कृत प्रोजेक्ट पर काम करना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक था। उन्होंने कहा कि निर्माण राजस्थानी किलों की आत्मा को समेटे हुए है।

# सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला और 30 प्रतिशत घट गया प्रोडक्शन

### शिवकाशी शहर में इस साल 6,000 करोड़ रुपये के पटाखे ही बिके

**चेन्नई, एजेंसी।** देश के अधिकतर इलाकों में दिवाली का त्योहार कल ही मनाया गया है। आज भी कहीं-कहीं दीपावली और लक्ष्मी पूजन का आयोजन होगा। इस अवसर पर लोग आतिशबाजी भी खूब करते हैं। आपको पता है कि हर राज्य में बिकने वाले पटाखे, फुलझड़ियां आदि की अधिकतर सप्लाई तमिलनाडु के एक ही शहर शिवकाशी से की जाती है। वहां घर-घर पटाखे बनते हैं। यूं तो पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से इस साल 30 फीसदी कम पटाखे बने। तब भी इस साल शिवकाशी के पटाखा निर्माताओं ने 6,000 करोड़ रुपये का धंधा किया है।

तमिलनाडु फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के हवाले से आईएएनएस ने एक खबर दी है। एजेंसी ने बताया है कि राज्य के विरुधुनगर जिले में स्थित शिवकाशी के पटाखा कारखानों ने दिवाली के लिए देश भर में सिर्फ 6,000 करोड़ रुपये के ही पटाखे बेचे हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि शिवकाशी में सौ साल पुराने आतिशबाजी उद्योग को इस साल उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट का सामना करना पड़ा है। यह कमी मुख्य रूप से सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों के निर्माण में एक प्रमुख घटक बेरियम नाइट्रेट पर प्रतिबंध को दोहराए जाने और आपस में जुड़े हुए पटाखों पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के कारण है।



आईपीएल 2025 रिटेंशन

## एलएसजी मालिक गोयनका बोले- निजी लक्ष्य रखने वाले प्लेयर नहीं चाहिए




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बदोनी और मोहसिन खान को रिटेन कर लिया है। साथ ही फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने कहा है कि टीम की रिटेंशन रणनीति उन खिलाड़ियों को बनाए रखने की है जो अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों से पहले टीम को आगे रखते हैं। बता दें कि आईपीएल 2025 रिटेंशन में एलएसजी ने केएल राहुल को रिलीज कर दिया है। अब उनकी जगह पर निकोल्स पूरन कप्तान होंगे। उन्हें 21 करोड़ रुपए मिलेंगे। उसके बाद बिश्नोई और मयंक 11-11 करोड़ रुपए पर हैं। बडोनी और मोहसिन को क्रमशः 4 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया था।गोयनका ने रिटेंशन सार्वजनिक होने के बाद कहा कि पहला रिटेंशन 2 मिनट के भीतर हुआ यानी निकोलस पूरन। हमारी बहुत ही सरल मानसिकता थी कि हम ऐसे खिलाड़ियों के साथ उतरें जिनके पास जीतने की मानसिकता हो, जो टीम को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और आकांक्षाओं से पहले रखते हों। और हम अपने उपलब्ध पर्स में जितना संभव हो उतना कोर रखना चाहते थे। हमारे पास एक मजबूत गेंदबाजी इकाई थी, इसलिए हम पिछले सीज़न के तीन गेंदबाजों (बिश्नोई, मयंक और मोहसिन) के साथ गए। पूरन अच्छा क्रिकेटर है। आयुष (बडोनी) ने हमारे लिए नंबर 6 और नंबर 7 पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

राहुल के अलावा, एलएसजी ने क्विंटन डी कॉक, क्रुणाल पंड्या, नवीन-उल-हक, दीपक हुडा और मार्कस स्टोइनिस को बाहर कर दिया है। मेगा नीलामी में जाने के लिए फ्रेंचाइजी के पास राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड और कुल 69 करोड़ रुपए का पर्स है। नीलामी के दौरान लखनऊ इसका इस्तेमाल कर सकती है। इस बीच, आईपीएल 2022 चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने राशिद खान (आईएनआर 18 करोड़), कप्तान शुभमन गिल (आईएनआर 16.5 करोड़), बी साई सुदर्शन (आईएनआर 8.5 करोड़), राहुल तेवतिया (आईएनआर 4 करोड़), और शाहरुख खान (आईएनआर 4 करोड़) को रिटेन किया है।

भारत और न्यूजीलैंड मौजूदा टेस्ट सीरीज

# कीवी टीम पहली पारी में 235 रन पर ऑलआउट, जडेजा ने लिए 5 विकेट

## मुंबई टेस्ट के पहले दिन भारत के 86 रन पर 4 विकेट



**बानखेड़े (एजेंसी)।** भारत की मुंबई टेस्ट के पहली पारी में बैटिंग काफी खराब रही। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 86 रन बनाने में ही 4 विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाए। भारत अभी 149 रन पीछे है। शुभमन गिल और ऋषभ पंत नाबाद लौटे। यशस्वी जायसवाल 30, रोहित शर्मा 18, विराट कोहली 4 और मोहम्मद सिराज शून्य पर आउट हुए। एजाज पटेल को 2 और मैट हेनरी को 1 विकेट मिला। कोहली रन आउट हुए। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कीवी टीम को पहली पारी में 235 रन पर समेट दिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल और विल यंग ने अर्धशतक लगाया। मिचेल ने 129 बॉल पर 82 और यंग ने 138 बॉल पर 71 रन बनाए। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 5 और वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। एक विकेट आकाश दीप को मिला।

**6 रन बनाने में भारत ने 3 विकेट गंवाए-** एक वक्त टीम इंडिया का स्कोर 78 रन पर एक विकेट था। यहां से छह रन बनाने में टीम इंडिया ने तीन विकेट गंवा दिए। पहले एजाज पटेल ने लगातार दो गेंद पर यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को आउट किया। फिर विराट कोहली रन आउट हो गए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड** - टॉम लैथम (कप्तान), डवेन कॉन्वे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, ईश सोढ़ी, मैट हेनरी, एजाज पटेल, विलियम ओरूर्क।

## जडेजा भारत के लिये सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले सूची में पहुँचे




तीन विकेट लेने के साथ ही जडेजा भारत के लिये सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 5वें स्थान पर आ गए। उन्होंने तेज गेंदबाज जहीर खान और ईशांत शर्मा को पीछे छोड़ा जिनके 312 विकेट हैं। इससे पहले सुंदर ने दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। वहीं तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता दिलाई। सुंदर ने टॉम लैथम (28) और रचिन रविंद्र (पांच) के विकेट चटकाए।

पुणे टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले सुंदर ने जल्दी ही लय पकड़कर कीवी बल्लेबाजों का डिफेंस तोड़ दिया। उन्होंने तीसरे ओवर में कीवी कप्तान को बाहर निकलकर खेलने पर मजबूत किया और बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद आफ स्टम्प पर जा लगी। रविंद्र भी बीसवें ओवर में ठीक इसी अंदाज में आउट हुए। इससे पहले तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने डेवोन कोंवे को पगबाधा आउट कर दिया था लेकिन बल्ले का भीतरी किनारा लगने से बल्लेबाज के पक्ष में फैसला गया। कोंवे उस समय चार रन पर थे और इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके।भारत और न्यूजीलैंड अब तक 64 टेस्ट मैचों में एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने 22 मैच जीते जबकि न्यूजीलैंड ने 15 मैच जीते और 27 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। टेस्ट में दोनों पक्षों के बीच हाल की 5 झड़पों में, भारत ने केवल एक गेम जीता है, जबकि न्यूजीलैंड ने 3 जीते हैं।

वसीम अकरम की गुजारिश-

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक आए भारतीय टीम

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि भारतीय टीम अगले वर्ष फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अगर पाकिस्तान आती है तो उनका बहुत अच्छे से ख्याल रखा जाएगा और यह क्रिकेट के लिए बेहतरीन बात होगी। अकरम ने कहा कि मुझे लगता है कि जो भी मैं पढ़ रहा हूं उससे भारत सरकार और बीसीसीआई की ओर से सकारात्मकता नजर आ रही है। मैंने कहीं पर यह भी पढ़ा कि उनके सभी मैच लाहौर में होंगे। वे लाहौर आएंगे और उसी रात को वापस स्वदेश लौट जाएंगे। जब तक भारत सहज है, मैं इसके लिए तैयार हूं। मैं आपसे वादा करता हूं, उनका वहां पर बेहतरीन तरीक़े से ख़्याल रखा जाएगा।



भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तान में प्रशंसक हैं और युवा क्रिकेट प्रशंसक उनको पसंद करते हैं। उन्होंने कहा- इंसान दर इंसान संपर्क इस समय और इस उम्र में बेहद अहम है। मेरी राय में सोशल मीडिया के जमाने में दुनिया भर में बहुत नकारात्मकता है और मुझे लगता है कि अगर भारत आएगा तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा और यह पाकिस्तान के लिए भी अच्छा होगा।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीम खेलेंगी और 2 ग्रुप में होंगी, जिसमें से 4 टीम सेमीफाइनल में जाएंगी और इसके बाद फाइनल होगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका हैं।

## मैंने दिल्ली में धोनी के साथ पंत को देखा था, कुछ बड़ा होने वाला है: सुरेश रैना

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जाने के संभावित संकेत दिए, जिससे पता चला कि इस धमाकेदार स्टार ने दिल्ली में महान महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात की थी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की खिलाड़ी प्रतिधारण सूची की घोषणा बुधवार को प्रत्येक फ्रेंचाइजी द्वारा की गई। एमएस धोनी को नए आईपीएल नियम के अनुसार 4 करोड़ रुपए में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा गया था, जिससे पांच साल पहले सेवानिवृत्त होने वाले भारतीय खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी द्वारा अनकैप्ड खिलाड़ियों के रूप में बनाए रखा जा सकता था। 2016 से टीम के साथ 8 सीजन खेलने के बाद पंत को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने रिलीज कर दिया था।

रैना ने कहा कि मैं दिल्ली में एमएस धोनी से मिला, पंत भी वहां थे। मुझे लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। जल्द ही कोई पीली जर्सी पहनेगा। विशेष रूप से, यह कई मीडिया रिपोर्टों के बीच आया है कि पंत सीएसके का नेतृत्व कर रहे हैं। यदि यह कदम अंततः घटित होता है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। अपने करियर के अंतिम चरण में 43 वर्षीय धोनी के साथ, पंत फ्रेंचाइजी के लिए अगला बड़ा बिकने वाला चेहरा हो सकते हैं, चाहे वह उनके विकेटकीपर-बल्लेबाज हों या जरूरत पड़ने पर कप्तान भी।



डीसी के लिए 111 मैचों में, पंत ने 148.93 की औसत से 3,284 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 128* है. वह फ्रेंचाइजी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली 2021 में प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन उनके नेतृत्व में 2022 और 2024 में लीग चरण से आगे नहीं बढ़ सकी।

पिछले सीजन में पंत ने अपने वापसी सीजन में फ्रैंचाइज़ी के लिए 13 मैचों में 40 से अधिक की औसत और 155 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए। उन्होंने 3 अर्धशतक बनाए और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 88* था। हालांकि वह उस सीजन में फ्रैंचाइज़ी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, लेकिन इससे उन्हें प्लेऑफ़ में पहुंचने में मदद नहीं मिली क्योंकि वे 7 जीत और हार के साथ अंतिम 4 में जगह बनाने से चूक गए, जिससे उन्हें छठे स्थान पर रहने के लिए 14 अंक मिले।डीसी ने इस साल की मेगा नीलामी से पहले ऑलराउंडर अक्षर पटेल, स्पिनर कुलदीप यादव, बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल को रिटेन करने का फैसला किया है। इस महीने की शुरुआत में, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव अगले आईपीएल सीजन से पहले क्रमशः मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक के रूप में दिल्ली कैपिटल्स कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए। इस बीच, क्रिकेट आइकन और भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक, सौरव गांगुली को क्रिकेट निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज 2024

## दिव्या और हम्पी के बीच बेनतीजा रही बाजी




**सिमकेंत , कजक्सितान (एजेंसी)।** विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024-2025 का हिस्सा फीडे महिला ग्रां प्री के दूसरे चरण की शुरुआत आज से कजाकिस्तान के सिमकेंत में हो गयी है। 30 अक्टूबर 2024 से 9 नवंबर 2024 तक विश्व की शीर्ष 10 महिला खिलाड़ी राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन खिलाड़ियों का उद्देश्य केवल जीतना ही नहीं, बल्कि फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए जरूरी ग्रां प्री पॉइंट्स भी अर्जित करना होगा।पहले दिन सफ़ेद मोहरो से खेल रही भारत की दिव्या देशमुख के सामने भारत की ही शीर्ष महिला खिलाड़ी कोनेरु हम्पी थी , दोनों के बीच स्कॉच ओपनिंग में हुए मुक़ाबले में दिव्या नें शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया पर हम्पी नें अपने अनुभव से दिव्या को बढ़त बनाने का कोई मौका नहीं दिया

## आईपीएल 2025 में इन 4 टीमों के पास होंगे नए कोच, एक तो है विश्व विजेता

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल रिटेंशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऑक्शन में कुछ बड़े नाम होंगे क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपना विजेता कप्तान तो दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत को रिलीज कर दिया है। पंजाब ने भी इस बार ऑक्शन से नई टीम बनाने की ठानी है। उन्होंने सिर्फ दो ही प्लेयर रिटेन किए हैं। आईपीएल 2025 इस बार प्लेयर ही नहीं बल्कि विभिन्न कोच के लिए खास होगा। ऐसी 4 फ्रेंचाइजियां हैं जो इस बार नए कोच के साथ शुरूआत करने जा रही हैं। आइए जानते हैं।

### आईपीएल 2025 के लिए नए आईपीएल कोच

**राहुल द्रविड़ (राजस्थान रॉयल्स)**

सितंबर 2024 में राहुल द्रविड़ को राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया था।



द्रविड़ की कोचिंग में ही भारत ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 जीता था। तो ऐसे में द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल खिताब जिताने के लिए एक करार किया है। द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि मैं उस फ्रेंचाइजी में वापसी करके खुश हूं, जिसे मैं कई सालों से 'घर' कहता रहा हूं। विश्व कप के बाद, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक और चुनौती लेने का आदर्श समय है और रॉयल्स ऐसा करने के लिए एकदम सही जगह है।

**महेला जयवर्धने (मुंबई इंडियंस)**

श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को 2025 आईपीएल के लिए मुंबई इंडियंस का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। जयवर्धने, जो पहले मुंबई इंडियंस समूह के क्रिकेट के वैश्विक प्रमुख थे, 2025 सीज़न के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मार्क बाउचर की जगह लेंगे।

**हेमांग बदानी (दिल्ली कैपिटल्स)**

भारत के पूर्व क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच नियुक्त किया गया क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स ने 2025 आईपीएल से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ का अनावरण किया। 47 वर्षीय बदानी, जिन्होंने 4 टेस्ट और 40 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, विभिन्न लीगों में एक प्रभावशाली कोचिंग पृष्ठभूमि रखते हैं।

**रिकी पोंटिंग (पंजाब किंग्स)**

आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स ने रिकी पोंटिंग को अपना नया मुख्य कोच घोषित किया। पोंटिंग 2025 सीज़न और उसके बाद के लिए टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कोच बनने के बाद कहा कि मुझे नया मुख्य कोच बनने का अवसर देने के लिए मैं पंजाब किंग्स का आभारी हूं।

## साई सुदर्शन, पड्डिकल शतक के करीब, दिया ऑस्ट्रेलिया ए को करारा जवाब

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच खेला जा रहा मुकाबला रोचक स्थिति में पहुंच गया है। भारतीय टीम जो पहले ही दिन 107 रन पर ऑलआऊट हो गई थी, ने ऑस्ट्रेलिया ए को 195 रन पर रोककर दूसरी पारी में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 208 रन बना लिए हैं। क्रीज पर साईं सुदर्शन 96 तो देवदत्त पड्डिकल 80 रन बनाकर अविजित हैं।



### भारत ए ः 107–10 (47.4 ओवर)

ऑस्ट्रेलिया ए के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट ने 11 ओवरों में 15 रन देकर छह विकेट लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और भारत को 107 रन पर ही रोक दिया। ईश्वरन (07) ने जहां जॉर्डन बकिंघम की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर विकेटकीपर को कैच दिया वहीं नीतीश खाता भी नहीं खोल पाए और डोगेट की उछाल लेती गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटे। भारत के अन्य बल्लेबाजों की भी यही स्थिति थी। साईं सुदर्शन (21) और नवदीप सैनी (23) भारत की तरफ से दोहरे अंक में पहुंचने वाले अन्य बल्लेबाज थे।

### ऑस्ट्रेलिया ए ः 195–10 (62.4 ओवर)

ऑस्ट्रेलिया के लिए भी खबर अच्छी नहीं रही क्योंकि सलामी बल्लेबाज के रूप में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के 3 दावेदार सैम कोन्स्टास (00), कैमरून बैनक्रॉफ्ट (00) और मार्कस हैरिस (17) अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। कप्तान मैक्स्वीनी 39, वेबस्टर 33 तो मर्फी ने 33 रन बनाए और टीम 195 रन पर ही ऑलआऊट हो गई। भारत की ओर से मुकेश कुमार ने 46 रन देकर 6 तो प्रसिद्ध कृष्णा ने 59 रन देकर 3 विकेट लीं।

### भारत ए ः 208–2 (64 ओवर)

दूसरी पारी में भारत के दोनों ओपनर्स जल्द आऊट हो गए। अभिमन्यू ने महज 12 तो ऋतुराज ने 5 ही रन बनाए। ऐसे समय में साईं सुदर्शन ने देवदत्त पड्डिकल के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। भारत ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 208 रन बना लिए हैं। साईं सुदर्शन 185 गेंदों पर 96 तो देवदत्त ने 167 गेंदों पर 80 रन बनाए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत ए ः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, साईं सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत, इशान किशन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, प्रिसिध कृष्णा, मुकेश कुमार

ऑस्ट्रेलिया ए ः सैम कोनस्टास, मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, नाथन मैकस्वीनी (कप्तान), ब्यू वेबस्टर, कूपर कोनोली, जोश फिलिप (विकेटकीपर), फर्गस ओ नील, टॉड मर्फी, ब्रेंडन डोगेट, जॉर्डन बकिंघम

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला का यह दोहरा चरित्र, यूटी डे से दूरी बनाने पर भड़के जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा



**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है और सभी को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने यूटी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि जब यह फिर से राज्य बनेगा तो उस दिन भी जश्न मनाया जाएगा। आपको बता दें कि उनके निशाने पर उमर अब्दुल्ला की सरकार थी, जो कि इस कार्यक्रम से दूर रही है। अब्दुल्ला, उनके मंत्री, सभी क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ कांग्रेस और सीपीआई (एम) ने भी इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। एलजी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन्होंने भारतीय संविधान के नाम की शपथ ली है, वे जम्मू-कश्मीर के यूटी दर्जे का विरोध कर रहे हैं। यह उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए काला दिन है क्योंकि यह विकास नहीं बल्कि वंचित होने का प्रतीक है। वहीं, अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए अपमान का दिन बताया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता ने कहा, हम यूटी दर्जे से कभी संतुष्ट नहीं होंगे। हमारी मांग दृढ़ है- पूर्ण राज्य का दर्जा। मीडिया से बात करते हुए एलजी ने कहा, चीजें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वादे के अनुसार आकार ले रही हैं। उन्होंने कहा था पहले परिसीमन होगा, फिर विधानसभा चुनाव होंगे और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के आरक्षण में देरी के कारण पंचायत चुनाव नहीं हो सके और प्रशासन जल्द ही चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने वाला है, जिससे 5 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### गाजियाबाद में दिवाली पर जमकर जले पटाखे



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में प्रतिबंध के बाद भी दीवाली पर गुरुवार रात जमकर आतिशबाजी हुई। पटाखों के धुएं के कारण वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह 9 बजे 318 के स्तर पर पहुंच चुका था। पिछले साल दीवाली के अगले दिन एक्यूआई 329 था। इस बार रात के समय हवा की गति तेज रहने से पिछले साल के मुकाबले एक्यूआई कम रहा है। यानी इस बार हवा में मामूली सुधार है। दीवाली पर गुरुवार को शाम चार बजे से ही पटाखे चलाने शुरू हो गए। देर रात दो से तीन बजे तक लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े, जिनके धुएं से वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में चली गई। शहर में पिछले चार दिन से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। खासकर दीवाली के दो दिन के दौरान एक्यूआई में 81 अंक की बढ़ोत्तरी हुई है। शुक्रवार सुबह से प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। हवा की गति थमी तो एक्यूआई बढ़ेगा। तापमान गिरते ही स्मॉग की समस्या शुरू हो गई थी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 15 अक्तूबर को ग्रैप का पहला और 22 अक्तूबर को दूसरा चरण लागू कर दिया। मगर अभी तक ग्रैप की पाबंदियों का असर वायु गुणवत्ता पर नहीं दिख रहा है। ग्रैप के दूसरे चरण में सड़कों की मैकेनाइज्ड एवं वैक्यूम स्वीपिंग पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। इसके साथ ही सड़कों को चिह्नित कर इन पर लगातार पानी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम का दावा भी है कि ग्रेप लागू होते ही पानी के छिड़काव के इंतजाम बढ़ा दिए हैं, लेकिन सड़कों से धूल अभी भी उड़ रही है। अधिकारियों का कहना है कि पांच अतिरिक्त वाहन लगाए गए हैं।

# महाराष्ट्र में बागियों ने बढ़ाया सिरदर्द, महायुति में टेंशन तो एमवीए भी है बेहाल

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल हो चुके हैं। लेकिन इसके बाद जो तस्वीर उभरी है उसने महायुति और एमवीए दोनों की टेंशन बढ़ा दी है। दोनों ही गठबंधन बड़े पैमाने पर बागी उम्मीदवारों का सामना कर रहे हैं। ऐसे उम्मीदवार यहां पर सियासी खेल बिगाड़ सकते हैं। हालांकि दोनों पक्षों की तरफ से कहा जा रहा है कि चार नवंबर तक इस पर कंट्रोल कर लिया जाएगा। चार नवंबर नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में तकरीबन 50 ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपनी पार्टी से विद्रोही रुख अख्तियार कर रखा है। इनमें सबसे ज्यादा 36 उम्मीदवार महायुति गठबंधन से हैं। इसमें भी भाजपा से 19 और शिंदे सेना से 16 नाम शामिल हैं, जबकि अजित पवार की एनसीपी से एक उम्मीदवार है।

एमवीए की बात करें तो इसमें सबसे अधिक विद्रोही बागी कांग्रेस से 10 हैं। एमवीए के अन्य 14 बागी उम्मीदवारों ने कुर्ला, दक्षिणी सोलापुर, परांदा, संगोला और पंढारपुर से नामांकन दाखिल कर रखा है। कुछ मामलों में बागियों ने अपने परिजनों का नामांकन कराया है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्री अमित शाह, डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच इस मुद्दे



पर बात हुई थी। इसमें अंदरूनी बगावत और संघर्ष पर लगाम लगाने की बात कही गई थी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि बागी उम्मीदवारों का नाम वापस कराने की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने कहाकि भाजपा एक बड़ा दल है और इसमें कई नेता हैं, जो चुनाव लड़ते हैं। लेकिन गठबंधन में सभी को मौका नहीं मिल सकता। हमारी कुछ सीमाएं हैं और हम सभी को चुनाव नहीं लड़ा सकते।

बता दें कि एकनाथ शिंदे की पार्टी के नौ बागियों ने उन सीटों से नामांकन दाखिल किया है, जहां से भाजपा पहले ही उम्मीदवार उतार चुकी है। इन सीटों में नवी मुंबई की ऐरोली, मुंबई की अंधेरी ईस्ट, जलगांव जिले की पेचोरा और ठाणे की बेलापुर शामिल हैं। अंधेरी ईस्ट से पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी और बेटी ने नामांकन दाखिल किया है। दूसरी तरफ भाजपा के 10 बागी उम्मीदवारों ने उन सीटों पर नामांकन किया है, जहां से शिवसेना उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इन सीटों में अलीबाग, रायगढ़ की करजत, बुल्ढाणा, मुंबई उपनगर की बोरीवली और जालना आदि शामिल हैं। इसी तरह अजित पवार की एनसीपी के खिलाफ भाजपा के नौ और शिवसेना के सात विद्रोही उम्मीदवारों ने सिर उठा रखा है। एनसीपी के एकमात्र विद्रोही उम्मीदवार ने नासिक की नांदगांव सीट से नामांकन किया है।

महाविकास अघाड़ी में भी हालात कुछ बहुत बेहतर नहीं हैं। यहां पर कांग्रेस में चार विद्रोही उम्मीदवारों ने अपने आधिकारिक सहयोगी के खिलाफ ठाणे के कोपरी पचपखड़ी, मुंबई की बायकुला और नागपुर की रामटेक सीट पर नामांकन कर रखा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के विद्रोहियों ने मुंबई उपनगर की मानखुर्द शिवाजी नगर सीट पर नामांकन किया हैं। यहां से सपा के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी भी उम्मीदवार हैं। इसके अलावा मुंबई उपनगर के वर्सोवा और बुल्ढाणा की मेहकर सीट से भी सेना के उम्मीदवार बगावती रुख अख्तियार किए हुए हैं। वहीं, मुंबई की धारावी सीट पर कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ की बहन ज्योति के खिलाफ बागी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। कुछ अन्य सीटों पर एनसीपी शरद पवार पार्टी के बागी उद्धव ठाकरे की सेना और कांग्रेस के खिलाफ नामांकन कर चुके हैं। एमवीए नेताओं ने गुरुवार को इस समस्या के समाधान के लिए मुलाकात की।

### ग्रेटर नोएडा में धू-धू कर जलने लगी बिल्डिंग, 3 फ्लोर पर लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में दीवाली धूमधाम से मनाई गई। हालांकि, राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर बैन होने के बावजूद इसका कहीं कोई असर नहीं दिखा। लोगों ने प्रतिबंध की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं। इसका एक जीता-जागता उदाहरणण देखने को मिला ग्रेटर नोएडा में। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक ईको विलेज 1 की बिल्डिंग में आग लग गई। आग की वजह बने नीचे जलाए जा रहे पटाखे और उसकी चिंगारी। रात को जब बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में आग लगी तो वहां हड़कंप मच गया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दीवाली पर दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आग की खबरें सामने आई हैं। इस दौरान लगभग सभी मामलों में आग पटाखों की वजह से लगने की बात सामने आई है। ऐसा ही हुआ है ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक ईको विलेज की बिल्डिंग में। दीवाली के जश्न के दौरान लोग नीचे पटाखों से आतिशबाजी कर रहे थे। इस दौरान पटाखे की चिंगारी ऊंचाई पर स्थित फ्लैट के किसी हिस्से तक पहुंच गई और वह धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते आग बिल्डिंग के ऊपर स्थित तीन फ्लोर तक फैल गई। ऊंची लपटें देखकर बिल्डिंग में रहने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन में फायर विभाग को फोन किया गया और आग को बुझाया। इस घटना में किसी तरह की हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है।

## कर्नाटक के गांव पर वक्फ का दावा, ग्रामीणों ने मुस्लिम नेताओं पर कर दिया हमला

**हावेरी, एजेंसी।**
कर्नाटक के हावेरी जिले के कडकोल गांव में बुधवार देर रात उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब कथित तौर पर वक्फ संपत्ति को वापस लेने के प्रशासनिक आदेश जारी किया गया। माना जा रहा है कि उक्त संपत्ति पर वहां के लोगों का कब्जा है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि लोगों ने एकजुट होकर कुछ व्यक्तियों पर पथराव किया और उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी संपत्तियों को वक्फ के नाम पर पंजीकृत कराने में मदद की है। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि वक्फ एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने तीन सितंबर को एक बैठक की थी, जिसमें हावेरी जिले के अधिकारियों को कथित तौर पर अतिक्रमित वक्फ भूमि को मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद अधिकारियों ने सात सितंबर को एक आदेश जारी किया, जिसपर हावेरी के सावन्नूर तालुका के कडकोल के ग्रामीण भड़क गए और हिंसक हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि परिवारों पर हमला करने



के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले को लेकर बीजेपी विधायक बासवगौड़ा आर पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है और कहा है कि इस तरह के अन्याय को रोकने के लिए वक्फ की संपत्ति का राष्ट्रीयकरण होना जरूरी है। उन्होने पत्र में लिखा, वक्फ कर्नाटक में किसानों, मठों और मंदिरों की जमीन पर दावा कर रहा है। उन्होंने कहा की मौजूदा कानून की वजह से वक्फ के पास ताकत है और वह लोगों की संपत्ति पर भी काबिज होना चाहता है।

कर्नाटक बीजेपी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कृषि भूमि सहित हिंदू मंदिरों को वक्फ संपत्तियों के रूप में चिह्नित किया गया है। पार्टी के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) आर अशोक ने 4 नवंबर को एक महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन की योजना की घोषणा की, जिसमें किसानों की भूमि और मंदिर संपत्तियों पर कथित अतिक्रमण के लिए वक्फ बोर्ड और राज्य सरकार दोनों को निशाना बनाया जाएगा। शोक ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा की चिंताओं को विस्तार से बताते हुए कहा, विजयपुरा के बाद, कोलार में मंदिर की संपत्तियों को वक्फ संपत्तियों के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। यह किसानों की भूमि और हिंदू मंदिरों दोनों पर स्पष्ट अतिक्रमण है।

## बीजेपी विधायक के निधन पर भावुक हो गए उमर अब्दुल्ला

### कहा- हमारे बीच मतभेद था लेकिन साथ बिताए अच्छे पलों को भुलाया नहीं जा सकता

**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और नगरोटा सीट से विधायक देवेंद्र सिंह राणा का गुरुवार को निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। उनके निधन के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। दरअसल देवेंद्र सिंह राणा उमर अब्दुल्ला के पुराने सहयोगी थी। 2021 में वह बीजेपी में शामिल हो गए थे। उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, देर रात दुखद खबर मिली तब से रात कटने का नाम नहीं ले रही है। पिछले कुछ सालों से हमारे बीच मतभेद जरूर था लेकिन हमें उनके साथ बिताया अच्छा समय याद है। हमने मिलकर बहुत काम किया और वह हमेशा याद रहेगा। आप बहुत जल्द हमें छोड़कर चले गए और हमेशा याद आएंगे। उमर अब्दुल्ला ने देवेंद्र राणा के साथ अपनी पुरानी तस्वीरें भी साझा कीं। अब्दुल्ला ने आगे कहा, आपकी आत्मा को शांति मिले। हमारी संवेदनाएं आपके परिवार के साथ हैं। इस दुख को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। बता दें कि हाल ही में हुए चुनाव में राणा ने नगरोटा सीट से चुनाव जीता था। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार को बड़े अंतर से हराया था। वहीं 2014 में भी उन्होंने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि उस वक्त वह



खुद नेशनल कॉन्फ्रेंस में थे। एक समय में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के भरोसेमंद सहयोगी और मुख्यमंत्री के रूप में अब्दुल्ला के पिछले कार्यकाल के दौरान उनके राजनीतिक सलाहकार रहे राणा का जम्मू में मुसलमानों, विशेषकर गुज्जर समुदाय के बीच काफी प्रभाव था। देवेंद्र राणा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पार्टी के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी, जहां वे एक प्रमुख रणनीतिकार और सलाहकार के रूप में प्रमुखता से उभरे और प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में जम्मू में पार्टी का आधार बढ़ाया। उन्होंने जम्मू में पार्टी की रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भाजपा के गढ़ माने जाने वाले नगरोटा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ा था, जहां उन्होंने तीन बार सांसद रहे भाजपा के जुगल किशोर शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी।

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले ही 6 करोड़ मतदाताओं ने डाला वोट, हैरिस या ट्रंप... किसका खेल बिगाड़ेंगे ये 2 राज्य?

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति का चुनाव है। मगर उससे पहले ही लगभग छह करोड़ अमेरिका मतदाता वोट डाल चुके हैं। इन मतदाताओं ने मेल या व्यक्तिगत रूप से मतदान करके अपने मत का इस्तेमाल किया है। अमेरिकी मतदाता रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट कमला हैरिस में किसी एक को अपना अगला राष्ट्रपति चुनेंगे। हालांकि मेल के माध्यम से हुई वोटिंग की वजह से चुनाव परिणाम देरी से आने की उम्मीद है। सीएनएन के सर्वे के मुताबिक जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। जॉर्जिया में ट्रंप के पक्ष में 48 फीसदी मतदाता हैं। वहीं हैरिस को 47 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। दोनों के बीच महज एक फीसदी का अंतर है। अगर उत्तरी कैरोलिना की बात करें तो यहां कमला हैरिस को 48 और ट्रंप को 47 फीसदी मतदाताओं का समर्थन मिलता दिख रहा है। उत्तरी कैरोलिना और जॉर्जिया में अश्वेत मतदाता कॉलेज स्नातक लगभग बंटे हैं। उत्तरी कैरोलिना में 50 और जॉर्जिया में 46 फीसदी स्नातक मतदाता कमला हैरिस के साथ हैं। वहीं ट्रंप को उत्तरी कैरोलिना में 47 और जॉर्जिया में 48 फीसदी स्नातक मतदाता का साथ मिल रहा है। 2008 में उत्तरी कैरोलिना ने बराक ओबामा का समर्थन किया था। मगर पिछले तीन राष्ट्रपति चुनाव में यहां रिपब्लिकन पार्टी का दबदबा है।

### कमला हैरिस ने हिंदुओं को किया नजरअंदाज, मैं करूंगा उनकी रक्षा, चुनाव से पहले ट्रंप का बड़ा बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चुनाव के तारीख नजदीक आती जा रही है और इसी के साथ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच जुबानी हमले तेज होते जा रहे हैं। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर में हो रहे हिंदुओं पर हमलों को अनदेखा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर जोरदार हमला किया।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्यचार की निंदा की:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की निंदा की और आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर हिंदू अमेरिकियों की रक्षा करने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है




और आरोप लगाया कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके बॉस राष्ट्रपति जो बाइडन ने दुनिया भर और अमेरिका में हिंदुओं की अनदेखी की है।

एक्स पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं, जिन पर भीड़ द्वारा हमला और लूटपाट की जा रही है, जो पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह कभी नहीं हुआ होता। कमला हैरिस और जो बाइडन ने दुनिया भर और अमेरिका में हिंदुओं की उपेक्षा की है। हम अमेरिका को फिर से मजबूत बनाएंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अपने प्रशासन के तहत, वह हिंदू अमेरिकियों को बचान के साथ कट्टरपंथी वामपंथ के धर्म-विरोधी एजेंडे का विरोध करेंगे। भारत के साथ संबंधों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे प्रशासन के तहत, हम भारत और मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी महान साझेदारी को भी मजबूत करेंगे।

उन्होने एक्स पर लिखा कि कमला हैरिस अधिक नियमों और उच्च करों के साथ अमेरिका के छोटे व्यवसायों को नष्ट कर देंगी। इसके विपरीत, मैंने करों में कटौती की, नियमों में कटौती की, अमेरिकी ऊर्जा को उजागर किया और इतिहास की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का निर्माण किया। हम इसे फिर से करेंगे, पहले से भी बड़ा और बेहतर और हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे।

**ट्रंप ने हिंदुओं को दीवाली की शुभकामनाएं दीं:** ट्रंप ने सभी हिंदुओं को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है कि रोशनी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत की ओर ले जाएगा!

# पाकिस्तानी पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने मनाई दीवाली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने बुधवार (30 अक्टूबर) को 90-शाहराह-ए-कायद-ए-आजम में आयोजित दीवाली समारोह में भाग लेते हुए राज्य में अल्पसंख्यकों के समर्थन के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा की।

मरियम नवाज ने यह भी बताया कि उन्होंने भारत के पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिखकर स्मॉग को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा है।

उन्होंने नागरिकों से स्मॉग के मुद्दे को राजनीतिक मुद्दे के बजाय मानवीय चिंता के रूप में देखने का आग्रह किया और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। समारोह के दौरान, सीएम मरियम नवाज ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष कार्ड जारी करने और अल्पसंख्यक वर्चुअल पुलिस स्टेशन की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने अल्पसंख्यक क्षेत्रों में विकास को



बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने पारंपरिक दीवाली का दीया जलाया और वर्चुअल आतिशबाजी में भी हिस्सा लिया। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के सीएम ने हिंदू महिलाओं से बातचीत की और 1,400 हिंदू परिवारों को 15,000 रुपये के चेक वितरित किए। सभा को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक समुदायों को समर्थन का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा, यदि कोई अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार करता है, तो मैं पीड़ित के साथ खड़ी रहूंगी। हम सभी पाकिस्तानी हैं और दीवाली शांति, सद्भाव और प्रेम का प्रतीक है। मरियम नवाज शरीफ को इस साल की शुरुआत में पंजाब का मुख्यमंत्री चुना गया था। उन्होंने फरवरी 2024 में पदभार संभाला और पाकिस्तान के किसी भी प्रांत में मुख्यमंत्री बनने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया। समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, मुझे दीवाली का दीया जलाकर बहुत खुशी हुई। यह पाकिस्तानियों के रूप में हमारी एकता का प्रतीक है। उन्होंने अपने बचपन की शिक्षाओं को भी साझा किया और याद किया कि कैसे उनके पिता नवाज शरीफ ने उन्हें अल्पसंख्यकों को गर्व का स्रोत मानना ??सिखाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरियम ने जोर देकर कहा कि सभी धार्मिक उत्सवों का सामूहिक रूप से सम्मान किया जाएगा।

### स्पेन में भीषण बाढ़ से 58 लोगों की मौत

**बार्सिलोना , एजेंसी।** स्पेन में भीषण बाढ़ से कम से कम 158 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक बाढ़ का सबसे ज्यादा असर पूर्वी स्पेन के वालेंशिया शहर पर पड़ा है। यहां अब तक 155 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। लापता लोगों की तलाश जारी है।

रिपोर्ट के मुताबिक वालेंशिया में मंगलवार को सिर्फ आठ घंटे में 12 इंच बारिश हुई। इतनी बारिश वालेंशिया में सालभर में होती है। भारी बारिश से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का मौका नहीं मिला पाया। वालेंसिया भूमध्यसागर के तट पर स्थित है। यहां करीब 50 लाख लोग रहते हैं। स्पेन के हालिया इतिहास में यह पहली बार है जब इतने लोग बाढ़ से मरे हैं। बीबीसी के मुताबिक स्पेन में इससे पहले साल 1973 में सबसे बड़ी बाढ़ आई थी। तब 150 लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 1957 में वालेशिया शहर में भीषण बाढ़ आई थी, इसमें 81 लोगों की मौत हो गई थी। स्पेन में कल 3 दिन की इमरजेंसी लगी थी, आज फिर बारिश हो सकती है प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने लोगों को घरों पर रहने की चेतावनी दी है। स्पेन में 3 दिन की इमरजेंसी लगी हुई है। यह शनिवार तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को और बारिश की चेतावनी दी है जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। बाढ़ से तबाह हुए इलाकों में राहत कार्य के लिए सेना के 1,000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया गया है। हालांकि लोगों का कहना है कि उन तक पर्याप्त मदद नहीं पहुंच पा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129